तापमान
अधिकतम 27.6 डिग्री
न्यूनतम 09.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 13 जनवरी 2025

10 गणपति विहार में पारिवारिक मिलन समारोह में हुए विविध कार्यक्रम


11 पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना हो रहा साकार




# महाकुंभ की भांति युग सम्राट राजसूय महायज्ञ का भी मिलता है पुण्यः संतश्री माताजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

तीर्थदेवी निकुंमभला राजलक्ष्मी मंदिर जयशक्ति आश्रम निकुम की पावनधरा दिनों-दिन और भी प्रभावी होती जा रही है। एक जनवरी 2025 में प्रारंभ हुए युग सम्राट राजसूय महायज्ञ के 12 वें दिन रविवार को हजारों श्रद्धालुओं में आहूति दी और पुण्य लाभ लिया। महायज्ञ के आयोजक संतश्री माताजी ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और यहां राजसूय महायज्ञ। जो लोग महाकुंभ नहीं जा सकते उनके लिए युग सम्राट राजसूय महायज्ञ में शामिल होना, आहूति देना, बैठकर सत्संग सुनना, आपसी सौहार्द्र का वातावरण बनाना एक तरह से यह भी महाकुंभ जैसा ही है। यहां भी यदि व्यक्ति अपने पूर्ण श्रद्धा, भक्तिभाव व समर्पण से भगवान महायोगेश्वर के प्रति जागृत होता है तो उसे भी पुण्यलाभ मिलना निश्चित है।

### सबको आनंदित कर देने वाला महायज्ञ

आयोजक संतश्री माताजी ने कहा कि राजसूय महायज्ञ सबको आनंदित करने वाला महायज्ञ है। राजसूय महायज्ञ युगों-युगों में होता है। यह महायज्ञ योगीराज महायोगेश्वर भगवान यानी वासुदेव जी को समर्पित हैं। वो तो स्वयं में योगेश्वर हैं। सब कुछ देने वाले यहीं है। ऐसे में आप सबको कैसे खाली हाथ रख सकते हैं। जिस तरह समुद्र मंथन से ही अमृत निकला है उसी तरह राजसूय महायज्ञ के मंथन से अमृत रूपी पुण्य प्राप्त होगा। जो सबको सुख, समृद्धि , आनंद देने वाला है। प्रयागराज के महाकुंभ में डुबकी लगाकर जो आलौलिक आनंद व सुख की प्राप्ति होती है उसी का अनुभव इस महायज्ञ में है।

## निकुम की पावनधरा में चल रहे युग सम्राट राजसूय महायज्ञ का 12 वें दिन हजारों श्रद्धालुओं ने दी आहूति




**सूर्य व चंद्रमा की महिमा बताई माता जी ने**: आयोजक संतश्री माताजी ने कहा कि जिस तरह सूर्य व चंद्रमा का अपना-अपना प्रभाव होता है। सूर्य जिस प्रकार रोशनी देकर हमें आनंदित करता है उसी प्रकार चंद्रमा की शीतलता भी हमें आनंदित करता है। दोनों अपने-अपने प्रभाव से हम सबको आनंद की अनुभूति प्रदान करते हैं। इसी तरह महाकुंभ और राजसूय महायज्ञ अपने-अपने प्रभाव छोड़ते हैं। जिससे मानव जीव का कल्याण हो ही जाता है। हम इस जीवन में सुख,शांति, समृद्धि और मोक्ष के लिए ही ईश्वर की कृपा चाहते हैं। राजसूय महायज्ञ का वर्णन करना न मनुष्य, ऋषि व देवता के लिए भी कठिन है। वासुदेव जी की कृपा ही है कि लोग इस महायज्ञ में अनवरत जुड़ते ही जा रहे हैं। क्रमशः

### आस्था, भक्ति व श्रद्धा का संगम

तीर्थदेवी निकुंमभला राजलक्ष्मी मंदिर जयशक्ति आश्रम निकुम परिसर ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र गूंज रहा है। हजारों श्रद्धालुओं की टोली युग सम्राट राजसूय महायज्ञ में हर दिन शामिल हो रही है। संतश्री माताजी के द्वारा मंत्रोच्चार और देवी-देवताओं के आव्हान से यह महायज्ञ अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच रही है। आस्था, भक्ति, श्रद्धा, प्रेम और विश्वास का संगम इस महायज्ञ में देखने मिल रहा है। हर कोई भक्त अपनी सेवा देने में लगा हुआ है। 26 जनवरी तक राजसूय महायज्ञ चलना है। इस तरह अब इस महायज्ञ के महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए केवल 14 दिन ही शेष है।

## खबर संक्षेप

### लावारिस हालत में पड़े वाहन बरामद

**भिलाई**। वाहन चोरी के बढ़ते अपराधों के मद्देनजर चोरी हए वाहनों की खोजबीन पुलिस द्वारा लगातार किया जा रहा है। पुलिस ने ऐप के माध्य से वाहनों को बरामद किया। सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सशक्त एप डाउनलोड कराया संदिग्ध वाहनो पर पैनी नजर रखी जा रही है। वैशाली नगर से पुलिस ने संदिग्ध वाहन बाइक सीजी 07 एलयु 7174 को उक्त एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित किया। वाहन थाना जामुल में चोरी होने की शिकायत हुई थी। रात बाइक बाईक पेट्रोलिंग में लगे आरक्षक आशीष सिंह,विनोद कुमार को शांति नगर दशहरा मैदान में एक्टिवा सीजी 7 बीयु 3446 लावारिस हालत में पड़ी मिली। सशक्त एप से जानकारी एकत्रित कर वाहनों को थाना सुपेला के हवाले किया गया। इसके अलावा अर्जुन नगर गार्डन के पास बाइक सीजी–07 एव्ही 1797 को लावारिस हालत में खड़ी मिली। पेट्रोलिंग आरक्षक नियाज खान द्वारा थाना लाया गया।

### दो चिट्टा तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई**। पुलिस ने पंजाब से लाकर चिट्टा बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पंजाब से भारी मात्रा में 70 हजार रुपए से अधिक का चिट्टा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 21 (ख), 22 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 2 युवक खण्डहर स्कूल अटल आवास के सामने कुरूद में हेरोईन (चिट्टा) रखकर बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पुलिस ने ग्राम पिंडनाग कला जिला अमृतसर पंजाब जो हाल ही में ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज निवासी सुरेन्दर सिंह औरसुभाष चौक केम्प 1 विजेन्द्र पासवान को पकड़ा गया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया गया कि अमृतसर छेहराटा पंजाब से मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) को कम कीमत में खरीद कर अधिक कीमत में दुर्ग-भिलाई में बेचने स्वीकार किया।

## परेशानी: इमरजेंसी मरीजों का भी नहीं हो पा रहा हैं एक्स-रे

# जिला अस्पताल की दोनों एक्स-रे मशीन बंद, प्राइवेट सेंटर में भेजे जा रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए हर महीने करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं जिला अस्पताल में सप्ताहभर से दोनों एक्स-रे मशीन बंद हो गई है। मशीन को ठीक नहीं करने की वजह से मरीजों का एक्स-रे नहीं हो पा रहा है। यहां तक इमरजेंसी मरीजों तक को एक्स-रे के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। हाल यह है कि ऐसे मरीजों को प्राइवेट एक्स-रे सेंटरों में जाना पड़ रहा है।

### एक्स-रे इसलिए है जरूरी

डॉक्टरों के मुताबिक एक्स-रे विभिन्न प्रकार के मरीजों के लिए निहायत जरूरी होता है। मसलन हड्डी की स्थितियाँ - जैसे कि टूटना, अव्यवस्था, हड्डी में संक्रमण, गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस का पता चलता है। फेफड़ों की स्थितियाँ - जैसे कि निमोनिया और फेफड़े का सिकुड़न पता करते हैं। रक्त वाहिका संबंधी समस्याओं के लिए एक्स-रे जरूरी है। दांतो में सड़न या फिर कोई जैसे कि जब कोई बच्चा गलती से कोई वस्तु निगल लेता है तो उसके लिए एक्स-रे की जरूरत पड़ती है।



### मरीज निजी अस्पताल जाने मजबूर

जिला अस्पताल में इन दिनों हर दिन की ओपीडी 700 से 800 तक पहुंच चुकी है। इसमें एक्सीडेंट व हड्डी फैक्चर के मामले आते हैं। इसी तरह रीढ़ की समस्या, हाथ-पैर व कमर के हड्डियों में परेशानी वाले मरीज आ रहे हैं। इस तरह के मरीजों के लिए डॉक्टरों ने एक्स-रे करवाने की सलाह दी है। लेकिन एक्स-रे मशीन बंद होने की वजह से उन्हे जिला अस्पताल के आसपास के निजी सेंटरों में भेजा जा रहा है। जिसकी वजह से मरीजों की जेबें ढ़ीली हो रही है।

### बिना एक्सरे नहीं हो रहा इलाज

मरीजों ने बताया कि एक्स-रे के बिना डॉक्टर इलाज ही शुरू नहीं कर पा रहे हैं। एक्स-रे मशीन कब तक शुरू होगा इसकी जानकारी टेक्नीशियन नहीं दे रहे हैं। इसलिए हर एक -दो दिन में जिला अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को है। वे बताते हैं कि अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर कर जिला अस्पताल आए हैं लेकिन यहां भी इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### मशीन मेंटनेंस के नाम पर लाखों रुपए का बजट

जिला अस्पताल की मशीनों के रख-रखाव व संधारण के नाम पर हर महीने लाखों रुपए का बजट का प्रावधान है। उसके बाद भी यहां मशीन खराब होने पर सुधरवाने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस कार्य को ठेके पर दिया गया है। यहां के दीगर विभागों में भी कई मशीनें बंद पड़ी हुई है। जिसकी वजह से टेक्नीशियन उसका इस्तेमाल ही नहीं कर पा रहे हैं।

घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की

# प्रोफेसर पर हमलाः मुख्य आरोपी आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा से पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- पूर्व सीएम के बेटे व बेटी से हुई थी पूछताछ
- पीड़ित शासकीय डॉ. खूबचंद बघेल कालेज में पदस्थ

प्रोफेसर पर हुए बहुचर्चित हमला मामले में पुलिस के मुख्य आरोपी को पकड़ने का मामला सामने आया है। हालांकि इसे लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने इंकर कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शासकीय डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई तीन में पदस्थ प्रो. विनोद शर्मा पर 19 जुलाई 2024 को प्राण घातक हमला हुआ था। इसका आरोपी भिलाई तीन निवासी प्रोबीर शर्मा को उसकी डॉ. पत्नी के साथ भिलाई तीन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने दबिश देकर पकड़ लिया है। प्रोबीर शर्मा पर एसपी जितेंद्र शुक्ला ने 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने पहले ही मध्यप्रदेश से तीन आरोपियों के मोबाइल लोकेशन खंगालने के बाद प्रिंस उर्फ प्रसून पांडेय, अमन उर्फ उत्कर्ष द्विवेदी, करण पाठक को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा प्रोबीर शर्मा समेत तीन युवक फरार थे। आरोपी प्रोबीर शर्मा को पकड़ने के लिए पुलिस टीम आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा पहुंची थी। जैसे ही टीम को प्रोबीर की जानकारी मिली, घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। उसे लेकर पुलिस भिलाई पहुंचने वाली है। उसके बाद ही प्रोफेसर पर हुए हमले का खुलासा हो पाएगा। भिलाई तीन पुलिस पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य (बिट्टू) बघेल और पुत्री से भी पूछताछ कर चुका है। पुलिस ने दोनों का मोबाइल भी जब्त कर रखा है। गौरतलब हो कि फरार आरोपी में प्रोबीर शर्मा, रायपुर निवासी शिवम मिश्र,धीरज वस्त्रकार शामिल हैं। लेकिन प्रोबीर के पकड़े जाने के बाद इसमें बड़ा खुलासा आने वाले दिनों में होना स्पष्ट है।

## जय श्रीराम...



**भिलाई**। अयोध्या में श्रीराम की प्राण–प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस्पात नगरी में भी इस पावन अवसर पर चौक–चौराहे पर श्रीराम मंदिर और प्रभु श्रीराम व हनुमान की लाइटिंग की गई है। सेक्टर–5 चौक पर इसी तरह का मनोरम दृश्य ट्विनसिटी के लोगों को आकर्षित कर रहा है। लोग यहां पर सेल्फी लेकर यादगार बना रहे है। आने–जाने वालों की भीड़ यहां पर रूकती है। लोगों में इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है।

फोटो : संजय पांडेय

### भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारतीय जनता पार्टी भिलाई तीन मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन 13 जनवरी सोमवार को आयोजित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन,भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर शामिल होंगे. इस दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा के 1 साल में हुए 123 करोड़ के विकास कार्य के अवसर पर सम्मेलन और सम्मान समारोह रखा गया है। कार्यक्रम रुखमणी पैलेस सिरसा गेट भिलाई तीन में सुबह 11 बजे से है। उक्ताश्य की जानकारी मंडल अध्यक्ष वरुण यादव ने दिया है।

# निवेश के नाम पर झांसा, फिर डॉ. खंडूजा पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से 38 लाख का ठगी

निवेश का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले डॉ एमके खंडूजा व उसके मैनेजर राजेश राय के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि जेल में बंद आरोपी डॉ. एमके खंडूजा ने सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी सेक्टर 2 निवासी प्रभात नारायण शुक्ला को निवेश का झांसा देकर 38 लाख रुपए की ठगी किया। पीड़ित बीएसपी शिक्षा विभाग मे व्याख्याता के पद पर कार्यरत था। 31 अगस्त 2008 को बीएसपी से सेवानिवृत्त होने के बाद फाइनल सेटलमेट में 44 लाख रुपए की रकम मिली। 27 अप्रैल 2011 को राजेश राय उसके घर आया और झांसे में लेते हुए डॉ. एमके. खण्डूजा द्वारा अपने बीएसआर हेल्थ वेंचर में रकम में निवेश करने पर 5 वर्षो में दोगुना धनराशि मिलने की बात कही थी। राजेश राय की बातों में आकर बीएसआर. हेल्थ वेंचर के डायरेक्टर डॉ. एम.के. खण्डूजा से पीड़ित ने मुलाकात किया। पांच वर्षो में फिक्स डिपोजिट करने पर धनराशि दोगुना होने के चक्कर में युनियन बैंक ऑफ इंडियन शाखा सुपेला के खाता से 6 बार में अलग-अलग चेक से कुल 38 लाख रुपए अपना और पत्नी कमला शुक्ला के नाम पर निवेश कराया। पांच वर्ष होने के बाद भी निवेश किये गए रकम की वापस नहीं मिला। डॉ. एमके. खण्डूजा ने अपने एक्सिस बैंक 5 चेक, देना बैंक के 2 चेक के माध्यम से रकम को वापस करने के लिए दिया। लेकिन उक्त चेक का आहरण करने के लिए आरोपी एम.के. खण्डूजा और राजेश राय घूमाते रहे। इस तरह चेक का समय निकल गया।

## ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा सप्ताह, शहर की 243 बसों की जांच

# शहर की 14 स्कूली बसों में मिली खामियां, जुर्माना भी वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहें सडक सुरक्षा सप्ताह में शहर भर के 243 बसों की चेकिंग सेक्टर 6 स्थित भिलाई नगर स्थित ग्राउंड में किया गया। जहां 14 स्कूली बसों में खामियां पाई गई है। इस दौरान बसों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 12 हजार 600 रुपए का चालान काटा गया है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप बसों के लिए जांच शिविर लगाया। इसमें 20 स्कूलों के छात्र छात्राओं में परिवहन करने वाले 243 बसों का जांच किया गया है। वाहन की जांच शिविर का मकसद छात्र छात्राओं की सुरक्ष सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता हो। शिविर के दौरान प्रथम वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया। परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसो के दस्तावेजो की जांच की गई। जांच में वाहन का रजिस्टेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। वाहनो का मैकनिकल फिटनेश जांच भी की गई। जिसके बाद हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किग लाईट, इंडिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर समेत वाहन में आगे पीछे रिफ्लेक्टर को भी चेक किया गया। स्पर्श अस्पताल के मेडिकल टीम के द्वारा वाहन चालको का निःशुल्क स्वास्थ चेक किया गया। इसमें 45 वाहन चालको को बीपी, शुगर में मेडिसिन लेने की सलाह दी गई।

## खामियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई भी

### खामियां वाले बसों को दोबारा भी होगा चेक

चेंकिग सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेर्शर हार्न, आपातकालीन खिडकी, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया गया। जांच के दौरान परिवहन विभाग द्वारा बिना परमिट 1 सीट बेल्ट खराब 7, लाइसेंस एक्सपायर 3, बिना वायपर 2, बिना सीसीटीवी 1, 14 स्कूली बसो पर चालान करते हुए 12, 600 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। चेकिग के दौरान पाई गई खामियां को पूर्ण कर पुनः चेक कराने निर्देश दिया गया।




**सड़क के सिग्नल को लेकर दी जानकारी**: परिवहन निरीक्षक विष्णु ठाकुर ने वाहन चालकों को ट्रैफिक संकेत , सिग्नल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वाहन चालन के दौरान लापरवाही न करने, कंडक्टर के द्वारा दरवाजे पर खड़ा ना रहने, स्कूल बच्चे को सुरक्षित उतारने चढ़ाने, नियंत्रित गति में सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने और किसी भी प्रकार का नशीली पदार्थ का सेवन ना करने की हिदायत दी है। वाहन परीक्षण के दौरान एआरटीओ योगेश भंडारी,उप निरीक्षक कविता राय , सतेन्द्र सोनी, हितेश राव , कमलेश चंदेल, लोकेश पाटिल, परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस विभाग से सिविक सेंटर जोन निरीक्षक के.बी. नागे,सहायक उप निरिक्षक अनिल शर्मा, उत्तम सिंह,ट्रैफिक वाहन शाखा से एएसआई माधव सिंह, एचसी नागेंद्र पांडेय, रत्न सिंह, सी नरेंद्र कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी की गई गाईड लाईन से चेक किया गया।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# जमीन के छोटे टुकड़ों के बटांकन की चुनौती से निपटने जारी करेंगे किसान आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आए दिन जमीन के रिकॉर्ड में त्रुटि होने से उत्पन्न विवादों के निपटारे के लिए अब किसानों को आईडी दिया जाएगा। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री गतिशील योजना अंतर्गत एग्रोस्टेक परियोजना तहत देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के तहत सभी के लाभ में कृषि भूमि का पहचान पत्र फार्म लैंड आईडी एवं कृषि भूमिधारक का पहचान पत्र फार्मर आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए सभी किसानों का अभियान चलाकर पंजीयन कराया जाएगा। विभिन्न शासकीय योजनाओं में किसानों का वह आईडी काम आएगा।

इस प्रोजेक्ट के लिए दुर्ग जिले का चयन किया गया जिसके बाद सर्वे कार्य भी जारी है। उल्लेखनीय है कि, जमीन के छोटे-छोटे टुकड़े होने के कारण उसे पहचान पाना राजस्व विभाग में के लिए मुश्किल है। छोटे टुकड़ों की पहचान नहीं होने के कारण बटांकन भी संभव नहीं हो रहा है। हालांकि इससे कुछ हद तक ही जमीन के विवादों पर लगाम लगेगा, क्योंकि क्रृषि जमीन के अलावा अन्य जमीन रिकार्ड में शामिल होते हैं। ऐसे में आईडी जारी करने की पहल प्रदेश भर में शुरू की गई है। एग्रीटेक परियोजना के तीन भाग है, जिसमें ग्राम का जियो रिफ्रेंसिंग सर्वेक्षण नक्शा, राजस्व संबंधित अधिकार अभिलेख, डिजिटल फसल सर्वेक्षण शामिल है। छत्तीसगढ़ में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत 20551 ग्राम में से 10243 ग्राम का जियो रिफ्रेसिंग सर्वेक्षण नक्शा पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत तैयार कर लिया गया है। यह 20 जिलों में समाहित है।

जिसमें दुर्ग जिला भी शामिल है। प्रदेश के 19 जिले के 37 तहसील के 1114 पटवारी हल्का के अंतर्गत 4271 गांव के कुल 49, 64,838 खसरा, कुल खाता 16,03,071 तथा कुल रकबा 113. 72,768,137 हेक्टेयर का जियो रिफ्रेसिंग सर्वेक्षण नक्शा तैयार किया गया है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण 33 जिलों में से 3 संपूर्ण जिले एवं शेष 16 जिलों के एक-एक चयनित तहसील में किया जा रहा है, जिसमें 3314 ग्राम, 36,05,845 कुल खसरा नंबर 10,91,381 खाताधारक के नाम पर दर्ज है। जिसका रकबा 10,10,587,819 हेक्टेयर है। परियोजना के अगले चरण के रूप में सभी कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र फरर्म लैंड आईडी एवं कृषि भूमिधारक पहचान पत्र फार्मर आईडी बनाया जाना है।

## एकीकृत पोर्टल के तर्ज पर सभी किसानों की बनेगी फार्मर आईडी

### कृषि भूमि का बनेगा लैंड आईडी

राज्य में कुल 20551 गॉव में से 20242 राजस्व ग्राम पोषित है। जिसमें से 19001 में कृषि भूमि उपलब्ध है। शेष 563 साकों में से 40 विरान ग्राम के रूप में तथा 150 ग्राम में शासकीय भूमि पटटा पर प्रयुक्त भूमि, आबादी भूमि आदि के रूप में विहित है। इसी तरह राज्य में 21809199 खसरा कृषि भूमि से संबंधित है, जो कि 10737275 कृषि भूमिधारकों के पास है।



### किसान पंजीयन से होगा इस तरह का लाभ

केन्द्र सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री किसन सम्मान विधि फसल बीमा योजना एआईएफ. किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना में किसानों को लाभ मिलता है। कृषक पंजीयन की विशेषताएं है जिसमें सभी कृषि भूमि का विवरण भू-अभिलेख के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

### देशभर के किसानों का एकीकृत पंजीयन

इस परियोजना तहत कृषक पंजीयन का उद्देश्य देशकर के कृषि भूमिरुवमी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है। यह पंजीयन यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि, सरकारी योजनाएं और लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलतापूर्वक पहुँचे। कृषक पंजीयन न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देती है, बल्कि कृषि अनुदान और इसी तरह की अन्य सहायता प्रणालियों के वितरण को भी सुव्यवस्थित करती है।

## खबर संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर की गई पूजा-अर्चना



दुर्ग। श्रीराघवेंद्र सरकार की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्ग नगर के बजरंगियों एवं सनातन हिंदू समाज द्वारा भगवान सत्यनारायण का पूजन कर हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती की गई और भोग वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा, दुर्ग विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, विभाग संपर्क प्रमुख शैलेंद्र परिहार, बजरंग दल दुर्ग विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला सहमंत्री अक दुबे, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, सह संयोजक खेमलाल सेन, सह संयोजक पिंटू जाल, दुर्ग नगर संयोजक बलदाऊ साहू, चमन कुंभकार, सह संयोजक मिलाप निषाद, किशन साहू, सोनू साहू, मोनू यादव, संतोष मिश्रा, प्रशांत साहू, कमलेश मालपुरे, रोहित टाडेकर, जीतू गुप्ता, रानू साहू, भारत यादव, मुकेश गुप्ता, रवि शर्मा, जितेन कुंभकार सहित मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम में फल वितरण

दुर्ग। गुरूदेव जस सम्राट पूरन साहू



के जन्म दिवस पर वृद्धाश्रम पुलगांव दुर्ग में सभी वृध्दों को प्रसाद स्वरूप फल वितरण किया गया । जिसमे पूरन जस परिवार छत्तीसगढ़ अध्यक्ष हेमंत सिंह चौहान, लेखराम साहू, पोषण साहू, अनन्त पटेल, डोमन साहू, कैलाश पटेल आदि उपस्थित थे। यह जानकारी जिला जस झांकी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दिया।

### विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 25 तक

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिले की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिए गए निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज दानी ने बताया कि उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से 25 जनवरी तक आवेदन तक स्वीकार किया जायेगा।

## विडंबना : 281 गांव में से अभी 80 टंकी नहीं बनी, बोरवेल्स के भरोसे सप्लाई

# जिले के 385 गांव में से सिर्फ 70 ग्राम पंचायतों को टंकियां हैंडओव्हर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले पांच साल से जल जीवन मिशन की शुरूआत की गई हैं, लेकिन प्रशासनिक लचरता के कारण प्रोजेक्ट का अंत नही हो पा रहा हैं। जिले में 385 गांव को मिशन के लिए चुना गया था। जिसमें से अब तक सिर्फ सत्तर ग्राम पंचायत को ही हैंडओव्हर किया गया है। यहां तक की अब तक टंकियां तक नही बनी हैं। जिसके चलते बोरवेल्स से ही पेयजल की सप्लाई हो रही है।

जानकारी अनुसार मिशन की शुरूआत वर्ष 2018-19 में किया गया था, जिसे वर्ष 2023 में पूरा करना था। लेकिन यह अब तक पूरा नही हुआ हैं। जिले में पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूरा कर लिया गया हैं। वही राज्य शासन द्वारा मिशन का कार्य ग्राम पंचायतों को समिति बनाकर हैंडओव्हर किए जाने के निर्देश दिए गए है। जिले में मिशन के तहत 385 गांव शामिल है। इसमें 281 गांव टंकी का निर्माण करना था। जिसमें अभी भी करीब 80 टंकी का निर्माण पूरा नही किया गया है। जिसके चलते इसके दायरे में आने वाले गांव के उपरी हिस्सा में पानी सप्लाई होने में दिक्कत आ रही हैं। मिशन के तहत 385 में करीब 201 गांव नल जल समूह के दायरे में आ रहा है। यानि नदी से संपवेल बनाकर ऐसे गांव में पानी पहुंचाना है, जहां जलस्तर कम होने के कारण वहां पेयजल की समस्या हैं। इसमें सात समूह में 238 करोड खर्च होने है। इस समूह योजना के तहत पेजयल फिल्टर कर 201 गांव में सप्लाई करना है। निकुम, ओदरागहन-सुपरा, कौही अंजोरा-ढाबा और मोतिमपुर में इंटेकवेल और फिल्टर प्लांट बनाएंगे। इसे भी अब तक बन जाना था। लेकिन आगामी दिसंबर 2025 में समूह योजना पूरा करने का विभाग दावा कर रही हैं। पीएचई के ईई उत्कर्ष पांडेय का कहना है कि, समूह जल योजना को छोडकर शेष 186 गांव में घर-घर जल पहुंचाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। अभी 70 ग्राम पंचायत को संचालन के लिए हैंडओव्हर किया जा चुका हैं।

### एकल और समूह योजना के तहत 362 करोड़ का तैयार किया गया प्रोजेक्ट



### हाल ही में की गई बड़ी कार्रवाई, 20 एजेंसी का लाइसेंस निरस्त

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय दुर्ग में हुई समीक्षा उपरांत जल जीवन मिशन के कार्य में रूचि न लेने एवं समानुपातिक प्रगति न दे पाने वाले 20 एजेन्सियों को अंतिम चेतावनी दी गई तथा दो ऐजेन्सी (मेसर्स श्री राम ट्रेडर्स एंड इन्वेस्टर्स दुर्ग मेसर्स गगन ट्रेडर्स, बेमेतरा) का अनुबंध निरस्त किया गया तथा दोनो एजेन्सियों को ब्लैकलिस्ट कर भविष्य में जल जीवन मिशन के कार्यों में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों में रूचि न लेने वाले 05 एजेन्सियों को नोटिस जारी किया गया है तथा उनके आगामी समयावृद्धि प्रकरण में अर्थदण्ड लगाये जाने का निर्णय लिया गया।

### 201 गांव की आबादी समूह योजना पर निर्भर

पीएचई विभाग की माने तो जल मिशन के तहत 395 गांव में टंकी बनाकर पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि ऐसे गांव जहां टंकी से सप्लाई शुरू नहीं हुई है वहां बोरवेल से गांव में पानी दिया जा रहा है। जबकि जिले में सवा दो सौ से अधिक गांव ऐसे है, जहां बोरवेल्स करने के बाद भी पानी नही निकल पाया। ऐसे गांव का विभाग ने बकायदा सर्वे भी किया है। इसके लिए विभाग ने समूह योजना यानी नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक पानी पहुंचाया जाएगा। इसके लिए तीन सौ चालीस करोड का प्रस्ताव भी बनाया है। प्रोजेक्ट का टेंडर होने के बाद काम शुरू कर दिया गया है, जिसे वर्ष 2025 के दिसंबर में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अगर समय पर यह प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ तो समूह जल योजना के 201 गांव के चालीस हजार परिवार पेयजल संकट से जुझेगें।

### टेस्टिंग के बाद सप्लाई शुरू

जिले में टंकी बनने के बाद टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है, अब तक 70 गांव के पंचायत में संचालन समिति को हैंडओवर भी कर दिया गया है। समूह जल योजना का कार्य दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।
- उत्कर्ष शर्मा, ईई पीएचई दुर्ग

# पटवारी की हड़ताल से राजस्व का ऑनलाइन कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




- दुर्ग में 8 हजार से अधिक प्रकरण लंबित

प्रदेशभर के पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार का आंदोलन अभी भी जारी है, जिसके कारण राजस्व संबंधी ऑनलाइन काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। इसके कारण भू-अभिलेखों में नामांतरण, बंदोबस्त अभिलेखों में सुधार, खसरा व धारा 114 के तहत भू- अभिलेख, नजूल भूमि हस्तांतरण, व्यपवर्तन, डिजिटल साइन, सीमांकन से लेकर प्रॉपर्टी नामांतरण के काम हो नहीं पा रहे हैं। दुर्ग में ही 8 हजार से अधिक प्रकरण लंबित है।

न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई पर इस आंदोलन का असर देखा जा रहा है, जिसके कारण कलेक्टोरेट से लेकर तहसील न्यायालयों में पेशी की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है। इधर पटवारियों के आंदोलन को लेकर कोई रास्ता नहीं निकल रहा है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि चर्चा तो जारी है, उनकी मांगों पर संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की जा रही है। आगामी कुछ दिनों में आंदोलन खत्म होने की बात कही जा रही है।

संगठन का कहना है कि, राजस्व विभाग भत्ता देने को तैयार नहीं है, इसलिए आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मांग मानी नहीं जाती। छत्तीसगढ़ पटवारी संघ द्वारा शासन से ऑनलाइन काम करने के लिए कम्प्यूटर सिस्टम, मोबाइल, इंटरनेट आदि संसाधन से लेकर मत्ता की मांग की जा रही है।

संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि, वर्तमान में ज्यादातर काम मुइया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है. लेकिन इसके लिए शासन द्वारा न ही कम्प्यूटर सिस्टम, मोबाइल व इंटरनेट आदि की सुविधा मुहैया कराई गई है और न ही किसी प्रकार का भत्ता दिया जा रहा है। संघ के पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा चल रही है। इस चर्चा के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से प्रत्येक माह एक हजार रुपए भत्ता के रुप में राशि देने का प्रस्ताव रखा गया है जो बहुत कम है, क्योंकि इंटरनेट का बिल ही महीने में एक हजार रुपए आएगा। इस तरह कुल मिलाकर संघ और सरकार के बीच रास्ता साफ होता नहीं दिख रहा है। जिसके चलते आने वाले दिनों में भी राजस्व संबंधी कार्य इसी तरह प्रभावित होते रहेंगे।

# गणपति विहार में पारिवारिक मिलन समारोह में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- सफाई कर्मियों का किया सम्मान

स्थानीय गणपति विहार कॉलोनी में नव वर्ष के अवसर पर पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ परिवार का परिचय कार्यक्रम भी हुआ। इस अवसर पर कॉलोनी की सफाई करने वाले कर्मचारियों एवं निगम कर्मियों का सम्मान किया गया। बीजापुर नक्सली घटना में शहीद वीर जवानों को दीप जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कालोनी में सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय और पर्यावरण स्वच्छता के लिए कार्य करने वाले नागरिकों को भी शाल श्रीफल, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिनमें प्रदीप कुमार अमृत, निश्चय साहू, गंधर्व, भागवत वर्मा, कामदेव साहू, रघुवीर चनप शामिल हैं। देर रात्रि तक बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। जिसमें एकल नृत्य में वेदांती, अक्षत पांडे, हित्विक साहू, गीत दिल्लीवार आदि ने प्रस्तुति दी। प्रशांत श्रीवास्तव, अवनीश त्रिपाठी, अक्षत त्रिपाठी, सूर्या, वसुधा गुप्ता, रायना चौधरी, प्रमोद अमृत, योगेश यादव ने गीत प्रस्तुत किए। रामलला की स्थापना की वर्षगांठ के अवसर पर पूजा अर्चना और भजन का सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन अवनीश त्रिपाठी एवं ललित उपाध्याय ने किया। महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अतिथियों ने सभी को पुरस्कृत किया। अंत में प्रदीप अमृत ने आभार प्रदर्शन किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर निकाली रैली स्वामी विवेकानंद किए गए याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- प्राचार्य ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर मालवीय चौक की ओर रवाना किया गया । रैली का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के योगदान, उनके अनुशासन, और युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को उनके लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन और समर्पण का मार्ग दिखाते हैं। इस आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेष तिवारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार साहू, डॉ. कुंदन जांगड़े और संजय यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनएसएस के वरिष्ठ स्वयं सेवक सतेक मिरचन, द्रविड़ कुमार, मिनेश कुमार, रागिनी, भावना और बालक एवं बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। रैली के दौरान छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श वाक्यों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नारे लगाए और पोस्टर लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया। यह आयोजन युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की दिशा में प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित विद्यार्थियों, स्वयं सेवकों और शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भवन का लोकार्पण और प्रशिक्षण केन्द्र का किया भूमिपूजन

# छग सब्जी-फलों का बनेगा कटोरा- चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- महाकुंभ के लिए 200 क्विं. सब्जी किया रवाना

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान दुर्ग जिले के ग्राम खपरी में आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण तथा प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन किया गया। साथ ही 13 जनवरी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए 200 क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर किसानों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध बनाने तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान हेतु 203 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अरहर, मूंग, उड़द फसलों के उत्पादन करने और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की अपील की।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 18 लाख आवास स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री के वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों से 3100 रूपए के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पिछले वर्ष 145 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई थी, इस वर्ष 160 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का अनुमान है।

# विधायक ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



दुर्ग। विश्व युवा दिवस पर विधायक गजेन्द्र यादव पद्मनाभपुर स्थित विवेकानंद भवन पहुंचकर स्वामी विवेकानंद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। युवाओ को प्रेरणाश्रोत विवेकानंद के सिद्धांतो पर चलने सम्बोधित किया। इस दौरान उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, चेम्बर ऑफ कॉमर्स से अशोक राठी, सभी मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे जिन्होंने विवेकानंद के जयकारे लगाए और पुष्प अर्पित कर उनके भाषण और विचार दुनियाभर में प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए स्मरण किये।

# दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विवेकानंद को किया नमन



दुर्ग। दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक महान भारतीय संत, दार्शनिक और राष्ट्रवादी थे। वह एक आध्यात्मिक गुरु थे जिन्होंने भारत में ही नहीं विदेशों तक राष्ट्रीय चेतना और भारतीय संस्कृति को पहुंचाया और युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, परमजीत भुई, फत्तेह सिंह भाटिया, महिला अध्यक्ष कन्या ढीमर, सत्यवती वर्मा, रत्ना नारमदेव, संदीप वोरा, राजेश शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, पप्पू श्रीवास्तव, अनूप वर्मा, पोषण साहू, सुमित घोष, राम सिंह ढ़िकोला आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### सिया रामचंद्र हम सबके कण कण में बसे हैंः अशोक

**पाटन।** ग्राम असोगा में आयोजक समिति एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता रमन टिकरिहा सभापति जपं विशेष अतिथि सीताराम ठाकुर पूर्व सरपंच, अशोक रिंगवानी सरपंच, राजेंद्र बघेल समाजसेवी, रमेश टंडन उपसरपंच, रमेश साहू,परमानंद साहू, सतीश वर्मा, रामसिंह अंगारे, भारत साहू, लालाराम रिंगवानी ने दीप प्रज्वलित, सियारामचंद्र, हनुमान की पूजा अर्चना पश्चात प्रतियोगिता मंच को सौंपे। मुख्य अतिथि ज़िपं उपाध्यक्ष साहू ने सियारामचंद्र की जयकारा के साथ हम सबको धार्मिक आयोजन में बढ़चढ़ कर सहभागिता निभाना चाहिए। युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करके निरंतर सत्कर्म की राह पर चलना चाहिए। मंच संचालन पुरुषोत्तम धनकर, टीआर साहू ने किया। इस अवसर पर कलाराम साहू, नारद साहू, दीपक कोसरिया, यशवंत देवांगन, धनश्याम देवांगन, ईश्वर वर्मा, डोमन चंद्राकर, गजेंद्र देवांगन, भेदप्रकाश वर्मा, दयालु साहू, दीनाराम, हरीश चोपड़िया, रमाकांत साहू, सुखराम जांगड़े, लक्षण साहू आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## निधन

### सुधा साहू

**भिलाई।** ग्राम चवरढाल (राजनांदगांव) निवासी सुधा साहू उम्र 24 वर्ष का निधन 11 जनवरी को डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप साहू की बहू, सन्नी साहू की पत्नी और लवनिया व खेबिया साहू की मां थीं।



### रज्जाक अहमद

**कुम्हारी।** स्टेशन चौक कुम्हारी निवासी रज्जाक अहमद उम्र 80 वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। वे वरिष्ठ साहित्यकार और रंगकर्मी थे। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे उनके निज निवास से कुम्हारी कब्रिस्तान के लिए निकाली गई। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### निरंजन राव दोड़के

**भिलाई।** एमआईजी/1/1042, हुडको निवासी निरंजन राव दोड़के का निधन 12 जनवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी को निवास स्थान से दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिये निकलेगी। वे चक्रधर, राजेन्द्र, रविंद्र व शरद दोड़के के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### गिरजा बाई देवांगन

**भिलाई।** आशीष नगर पश्चिम सड़क नंबर 15 रिसाली निवासी गिरजा बाई देवांगन उम्र 85 वर्ष पति स्व. पल्टन राम देंवागन का निधन हो गया। उनका अंतिम सस्कार 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे पूर्व रिसाली भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमृत देवांगन की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### हितेश भाई व्यास

**भिलाई।** आर्य नगर दुर्ग निवासी हितेश भाई व्यास उम्र 49 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे आर्य नगर स्थित निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी । वे स्व. चंद्रकांता भाई के पुत्र थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



## सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय जामगांव आर में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह

# नेक इंसान बनने के लिए विवेकानंद की तरह माता-पिता, गुरु की बात मानेंः साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में रविवार को डॉ. हेडगेवार सदन में आयोजित हुआ। विद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित हुए प्रतिभा खोज स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय स्थान पर प्रतिभा का प्रदर्शन किए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 266 पुरस्कार वितरित किए। जयंती समारोह में नुक्कड़ नाटक मोबाइल के दुष्परिणाम, अंधविश्वास, हिंदीभाषा का सम्मान, भारत माता से वार्ता, वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया और प्रतिभाशाली बच्चों का मंच पर सम्मान किए।

वहीं साहू समाज परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर अपना और देश के उज्ज्वल भविष्य का इतिहास लिखे। उन्होंने कहा कि अपने अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वाहन करे नेक इंसान बन सकते हैं। नेक इंसान बनने के लिए माता-पिता गुरु की बात माने और नश्वर संसार की रहस्यों को जाने जीवन मस्त होते चली जाएगी। श्री साहू ने कहा कि जो लोग तनाव समस्या में जी रहे हैं निश्चित ही माता-पिता गुरु के सानिध्य से दूर होंगे। गुरु रामकृष्ण परमहंस ने बालक नरेंद्र को स्वामी विवेकानंद बनने का मार्ग दिखा दिए। सच्चे गुरु की बात मानें जीवन में सफलता पाए।

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत**



### स्वामी विवेकानंद संस्कार और सभ्यता के मूर्तिमान हैं

व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि आत्म को परम आत्मा बनाने का ज्ञान गुरु प्रदान करते हैं। भारत भूमि के युवा संत विचारक देश प्रेमी स्वामी विवेकानंद को गुरु ने ही ज्ञान दिए जिनकी जीवनी के हर पल में संस्कार की नई रोशनी निकल आती है। आध्यात्म योगी स्वामी विवेकानंद हाजिर जवाबी थे विदेश में एक महिला ने कहा कि आप जैसा पुत्र प्राप्ति के लिए आपसे विवाह करना चाहती है तुरंत स्वामी कहा कि मुझ जैसा क्यों मुझे ही पुत्र माने माता। स्वामी भारतीय संस्कार और सभ्यता के मूर्तिमान है जिन्हें पढ़ते चले जाओ संस्कार और सभ्यता की गंगा बह निकलेगी। प्राचार्य पूरनलाल बारले ने कहा कि जो सुनते हैं, समझते हैं वे ही आगे का अच्छा जीवन गढ़ते हैं। स्वामी विवेकानंद गुरु का सुने, समझे तब इतिहास के पन्नों में अमर हो गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफल व्यक्ति के नींव में गुरु का मार्गदर्शन होता है। बारले ने कहा कि गुरु शिष्य की सफलता को अपना गुरु दक्षिणा मानते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य पवन बंछोर कार्यालय प्रमुख मंचासिन थे।

### इन्हें वितरित किए गए 266 पुरस्कार

प्रथम स्थान बैडमिंटन चारुशिखा पंचम प्रथम, 100 मीटर दौड़ संध्या ठाकुर षष्ठ प्रथम, लंबी कूद दीक्षा साहू सप्तम प्रथम, रिलेरेस नूतन पंचम प्रथम, रिलेरेस दीक्षा सप्तम प्रथम, 200मीटर दौड़ संध्या ठाकुर षष्ठ प्रथम, शतरंज प्रिय नायक षष्ठ प्रथम, कैरम मोक्ष लक्ष्मी षष्ठ प्रथम, फुगड़ी भूमिका चतुर्थ प्रथम, 200मीटर दौड़ अर्चना प्रथम, 100 मीटर दौड़ मीनाक्षी चतुर्थ प्रथम, गोला फेक तृप्ति साहू तृतीय प्रथम, ऊंची कूद अर्चना यदु चतुर्थ प्रथम, सुई धागा भूमिका चतुर्थ प्रथम, लंबी कूद तृप्ति साहू तृतीय प्रथम, योग आयुष षष्ठ प्रथम, योग चिराग चतुर्थ प्रथम, सुई धागा तेजांशु चतुर्थ प्रथम, लंबी कूद पारस चतुर्थ प्रथम, ऊंची कूद पारस चतुर्थ प्रथम, 200मीटर दौड़ नितिन चतुर्थ प्रथम, 100 मीटर दौड़ भुनेश तृतीय प्रथम, लंबी कूद विराट सप्तम प्रथम, ऊंची कूद ऋषभ षष्ठ प्रथम, कैरम रौनक षष्ठ प्रथम, 100मीटर दौड़ विराट सप्तम प्रथम, गोली चम्मच रुद्र चंद्राकर द्वितीय प्रथम, गणित मेला टिकेश्वर चतुर्थ प्रथम, बैडमिंटन कियान चंद्राकर आदि विजेता रहे।

## पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी



- नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 2658 आवास स्वीकृत किए हैं

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना "सबके लिए आवास" (शहरी) गरीबो के स्वयं के पक्के मकान का सपना को साकार करती है। यह योजना पूरे देश के गरीबों के पक्के मकान के सपने को पूरा करने के साथ-साथ नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 'लाभार्थी आधारित निर्माण' (बीएलसी) घटक अंतर्गत कुल 2658 आवास स्वीकृत किए हैं। जिसमें शत प्रतिशत आवास का कार्य प्रारंभ कर लिया गया है जिसमें 2509 (94.39 प्रतिशत) आवास पूर्ण कर लिया गया है या 149 आवास निर्माणाधीन है जिन्हे जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। साथ ही शासन द्वारा निकाय को अब तक योजना अंतर्गत राशि 5754.40 लाख रुपए जारी किया गया है। जारी राशि से तत्काल हितग्राहियों को भुगतान किया जा रहा है। विभागीय समीक्षा बैठकों में शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 'मोर जमीन मोर मकान' बीएलसी घटक रुफ स्तर के समस्त आवासों को 30 नवंबर 2024 तक अनिवार्यतः पूर्ण किए जाने हेतु निर्देश प्रसारित किया गया था जिसमें नगर पालिका परिषद कुम्हारी को 75 रुफ स्तर के आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य मिला था, जिसको नगर पालिका परिषद् कुम्हारी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, प्रशासक महेश सिंह राजपूत, उप अभियंता साधना अहिरवार, छाया साहू, अतुल कुमार सिंह, सीएलटीसी एक्सपर्ट चंद्रकांत पोद्दार एवं आर्किटेक्ट, पीएम श्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से लगातार संपर्क कर उनके समस्याओं का निराकरण करते हुए निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए लगातार प्रेरित किया गया जिसके फलस्वरुप दिए गए लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कर लिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य भी प्रगतिरत है एवं आरएएस वेब पोर्टल में हितग्राहियों का ऑनलाइन फॉर्म पालिका परिषद द्वारा भरवाया जा रहा है।

# विष्णु की पाती-आवासीय स्वाभिमान की ओर एक नई पहल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

देश के प्रत्येक परिवार के सिर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। जिसके तहत कच्चे मकान में निवासरत परिवार जो आर्थिक परेशानी के कारण पक्का मकान नहीं बना सकते उन्हें आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत पक्का मकान निर्माण करने राशि दी जा रही है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में मोर जमीन मोर मकान के तहत 2658 स्वीकृत आवासों में 2509 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष आवास विभिन्न स्तर में प्रगतिरत है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन पहल करते हुए विष्णु की पाती नाम से शुभकामना संदेश पत्र दिया है। उन्होंने अपने संदेश में आवास योजना के लाभार्थियों को स्वयं के पक्का आवास का सपना सकार होने पर बधाई देते हुए कहा है कि यह सफलता स्वाभिमान और आत्म निर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने संदेश में कहा है कि एक परिवार अपने घर को केन्द्र में रखकर जीवन के सुनहरे सपने को बुनता है और नई पीढ़ी के भविष्य की बुनियाद तैयार करता है। आपके परिवार तक इस जन कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचा है, मेरे लिये इससे बड़ी संतुष्टि कुछ और नहीं हो सकती। घर परिवार खुशहाल रहे इसके लिये छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने पत्र में अपना सौभाग्य समझ कहा है कि आवासहितन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के पुनीत कार्य का मैं माध्यम बना हूं। उन्होंने लाभार्थियों को उनका नया घर खुशियों व समृद्धि से भरा होने की शुभकामनाएं दी है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमाक्षेत्र में आवास लाभार्थी में लगभग 2400 से ज्यादा लाभार्थी को विष्णु की पाती भेजा जा रहा है, जिसमें से 2073 पाती अब तक डाक के माध्यम से लाभार्थियों के घर पहुंचाने के लिए डाकघर में जमा कर दिया गया है।



- अब तक 2073 लाभार्थी के घर पहुंचा मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश

## पाऊवारा में लोककला महोत्सव का आयोजन 18 व 19 को

**उतई।** श्री शीतला सेवा समिति, जय शीतला दर्शन उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों पाऊवारा के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय दाई के सुरता छत्तीसगढ़ लोककला महोत्सव का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी को बाजार चौक पाऊवारा में किया गया है। यह जानकारी आयोजक समिति के विमल गजपाल ने दी है।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विद्यार्थियों ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**सेलूद।** प्रिज्म स्कूल आफ एजुकेशन में बीएड प्रथम सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों ने विवेकानंद के जीवन से जुड़ी हुई प्रेरणाप्रद कहानी, स्लोगन में भाग लिया। प्रिज्म इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर ख्याति साहू ने कहा कि आप भी भावी जीवन के युवा शक्ति है। आप अपने कार्यों और कर्तव्यों को भली भांति निर्वाह करें। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अंजना ने विवेकानंद का कथन- मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों को शरण दी है। विद्यार्थियों ने महकाखुर्द ग्राम में ग्रामीण सर्वे में भाग लिया। जिसमें रैली के दौरान पोलियो उन्मुक्त भारत पर नारे लगाए।

## अंचल की खबरें

### सफाई कार्यों का किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश



**कुम्हारी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर द्वारा नगर में साफ-सफाई का जायजा लेने के पश्चात स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार लाने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किया। वहीं नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने निर्देश भी दिए। बता दें कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर द्वारा वार्ड क्रमांक 4, 6 एवं 7 में निरीक्षण के दौरान वार्डों में सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। वहीं वार्डवासियों से मिलकर स्वच्छता में सहभागिता देकर अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग न करने एवं कचरा डोर टू डोर वाहन में डालने के लिए अपील किया गया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन निर्धारित समय में नगर की सफाई हेतु सुनिश्चित करे साथ ही नियमित रूप से कचरा उठावे। झिल्ली पन्नी का उपयोग करने वालों, मलबा सड़क में फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जाँच कर कर्मचारियों की उपस्थिति देख भौतिक सत्यापन करने स्वच्छता निरीक्षक विशाल साहू को निर्देशित भी किये। सीएमओ नेतराम चंद्राकर द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत डब्लू टीपी में चल रहे कार्य का जायजा लिया गया। उन्होंने प्रतिदिन निर्माण कार्य की मानिटरिंग कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये।

### आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही राजनैतिक सरगर्मी तेज










**धमधा।** आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही धमधा नगर में दावेदारों की राजनैतिक जोड़ तोड़ की शुरुआत हो गई है। कांग्रेस से लगातार दो बार अध्यक्ष रही सुनीता गुप्ता का नाम आमजनों मे चर्चा का विषय है कि सामान्य महिला होने पर सुनीता गुप्ता की दावेदारी प्रबल है। वहीं भाजपा में दावेदारों की सूची बड़ी लम्बी है जिसमें प्रमुख रूप से महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष श्वेता शर्मा की दावेदारी प्रबल है साथ ही प्रीति दानी, श्वेता अग्रवाल, प्रतिमा यादव, दिव्या दानी, शशि यादव, दुलारी मिश्रा सहित अन्य भी ताल ठोकने की तैयारी में है। कांग्रेस में अन्य कोई दावेदार नहीं होने के कारण सुनीता गुप्ता का नाम लगभग तय माना जा रहा है क्योंकि सुनीता गुप्ता 2014 व 2019 में लगातार दो बार अध्यक्ष निर्वाचित हो चुकी है व एक बार पार्षद भी रही है जिस अनुभव का लाभ उन्हें मिलता हुआ दिख रहा है व नगर में कांग्रेस की चुनाव की तैयारी शरू हो चुकी है सुनीता गुप्ता के पति राजीव गुप्ता पूर्व में नगर पंचयात अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रह चुके है जिनके भी अनुभव का लाभ कांग्रेस को मिलेगा। भाजपा विधानसभा व लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाती है, लेकिन स्थानीय चुनाव में आज तक जीत का स्वाद चख नहीं पाई। इस चुनाव में कांग्रेस को अपनी जीत बरकरार रखने की चुनौती होंगी तो वहीं भाजपा को पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष बनाने की चुनौती होगी।

### अंजोरा स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता



**अंडा।** सेवा फाउंडेशन भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में शाउमा शाला अंजोरा ख दुर्ग में पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के 10 से अधिक स्कूल के बच्चों ने भाग लेकर अपना विचार प्रगट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केश शिल्प कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार सेन थे। अध्यक्षता सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष एसके जैन, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सभापति हरेन्द्र देव धृतलहरे, सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, हाईस्कूल अंजोरा प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी, शाला विकास समिति अध्यक्ष तीरथ यादव, पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति हेमन्त देशमुख, सदस्य सुरेश निर्मलकर आदि उपस्थित थे। व्याख्याता शिवनारायण देवांगन ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता तीन स्तर पर आयोजित किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विषय खेलकूद समय की बर्बादी या जरूरी पर हुआ। जिसमें पक्ष में प्रथम छगन लाल थनौद, द्वितीय पूर्णिमा यादव वहीं विपक्ष में प्रथम भारती थनौद, द्वितीय प्रिया खपरी, सांत्वना पुरस्कार छाया देशमुख चंगोरी, कृतिका साहू खपरी, पायल अंजोरा, दीक्षा चंगोरी को मिला। हाईस्कूल स्तर पर खेती के लिए आवश्यक है। जैविक खेती या रासायनिक खेती विषय पर हुआ। पक्ष में प्रथम केसरी अंजोरा, द्वितीय प्रीसी शर्मा रसमड़ा, विपक्ष में प्रथम श्रुति वर्मा रसमड़ा, द्वितीय हिमानी निषाद थनौद व सांत्वना स्थान धनेश्वरी चक्रधारी पुलगांव, चेतना देशमुख थनौद, कविता चन्द्रवंशी बिरेझर, रिखी निषाद पुलगांव,डिम्पल साहू अंजोरा, थामेश्वरी देशमुख बिरेझर रही। हायर सेकेंडरी स्तर पर मोबाइल का उपयोग अभिशाप या वरदान विषय पर हुआ जिसमे पक्ष में प्रथम स्थान खुशी यादव अंजोरा, द्वितीय प्रणय कुमार थनौद, विपक्ष में प्रथम लोकेश साहू अंजोरा, द्वितीय राहुल देशमुख थनौद व सांत्वना स्थान पूर्वी साहू रसमड़ा, हर्ष साहू रसमड़ा, विमल साहू रसमड़ा, भारती साहू रसमड़ा रही।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लापता बालक को खोज निकाला साइबर प्रहरी ने

**भिलाई।** घर से लापता हुए बालक को पुलिस ने साइबर प्रहरी की मदद से खोज निकाला है। आमजनो को सायबर फ्रॉर्ड को लेकर पुलिस लगातार जागरुक कर रही है। साइबर प्रहरी वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। थाना वैशाली नगर से एक मंदबुद्धी बालक देव कुमार जो अपना घर का रास्ता भटक कर क्षेत्र में घुम रहा था। जिसे राहगीरों ने वैशाली नगर पुलिस थाना पहुंचाया। बालक मंदबुद्धी होने की वजह से अपने परिजनो और घर के बारे में कुछ बता नही पा रहा था। मंदबुद्धी बालक देवकुमार के घर परिजनो की जानकारी के लिए बालक की फोटो साइबर प्रहरी ग्रुप में पोष्ट कर परिजनो की जानकारी जुटाई गई। साइबर प्रहरी वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बालक के परिवार को लोग ग्राम अकालोडीह कुंजु दुकान के पास के रहने वाले है। जिस पर थाना भिलाई नगर से सम्पर्क कर परिजनो को बालक के बारे में सूचना दी गई। परिजन वैशाली नगर थाने आने पर मंदबुद्धी बालक देवकुमार को उनके परिजनो के हवाले किया गया।

### आइलाज का संविधान बचाओ सम्मेलन 18 को

**भिलाई।** ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस (आइलाज)और ऑल इंडिया पीपुल्स फोरम (एआईपीएफ) छत्तीसगढ़ द्वारा संविधान और गणतंत्र की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 18 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे सेक्टर 6 सड़क दो परिसर में संविधान बचाओ - गणतंत्र बचाओ" जन अभियान के तहत राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आईलाज के बृजेंद्र तिवारी ने बताया कि सम्मेलन का विषये संविधान की चुनौतियां हैं। लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में आज से बिजली बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण व रखरखवा के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनषिप में 13 जनवरी से 18 जनवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 13 जनवरी को जेएलएन हॉस्पिटल, 14 जनवरी सेक्टर-7 व 8 का आधा हिस्सा, 15 जनवरी को सेक्टर-5 व इंदिरा प्लेस, 16 जनवरी को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-2 का आधा हिस्सा व सेक्टर-1, 17 जनवरी को सेक्टर-07 का आधा हिस्सा, 32 बंगला तथा 18 जनवरी सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा। इन क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और सेक्टर-9 चिकित्सालय के तत्वाधान में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम कोड़िया में निःषुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। ग्राम कोड़िया में आयोजित चिकित्सा शिविर में 96 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 50 पुरूष, 40 महिला तथा 6 बच्चे शामिल थे। शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में सेक्टर-9 चिकित्सालय से डां. रौनक दास, डॉ एम सरस्वती एवं सुदेश बाबर, फार्मासिस्ट सुषन जेकब व प्रभा सैमुअल आदि उपस्थित थे।

## निधन

### गीता यादव



**दुर्ग।** पचरी पारा दुर्ग निवासी 75 वर्षीया गीता यादव का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबंधा मुक्तिधाम दुर्ग मे किया गया। वे ईश्वरी यादव की पत्नी एवं प्रदीप यादव, राकेश यादव तथा चंद्र यादव की मां थीं।

# मैत्रीबाग में विलुप्तप्राय ईमू बर्ड का नहीं बढ़ रहा कुनबा

## आस्ट्रेलियन पक्षी है पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, कई बार दे चुका है अंडे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मैत्रीबाग के चंद विदेशी वन्य प्राणियों में आकर्षक ईमू बर्ड के कुनबे को बढ़ाना चिड़ियाघर प्रबंधन के लिए चुनौती बना हुआ है। दुर्लभ प्रजाति के आस्ट्रेलियन पक्षी ईमू का एक ही जोड़ा है। कई बार अंडे देने के बाद अब तक चूजे नहीं निकलने से उम्रराज ईमू का परिवार नहीं बढ़ रहा है।

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में गिनती के विदेशी प्रजाति के वन्य प्राणी बचे हैं। इनमें विलुप्तप्राय प्रजाति का ईमू बर्ड प्रमुख है। जू में एक नर व एक मादा ईमू ही है। इनकी आयु करीबन 11 वर्ष है। पिछले दिनों ईमू ने अंडे दिए थे। लेकिन अंडों को सेने के बाद भी अब तक इनमें से बच्चे नहीं निकले हैं। इसके पूर्व भी अंडे खराब हो चुके हैं। ईमू औसत आयु होने के साथ उम्रदराज हो रहा है। यदि जल्द ही बाहर से से इस प्रजाति के के न्य ईमू नहीं लाए गए तो दोनों पक्षियों के चल बसने के बाद कैज खाली हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि तीन फीट लंबे कद का आस्ट्रेलियन ईम आकर्षक और विलुप्तप्राय प्रजाति का है। इसे नंदन कानन जू से यहां लाया गया था।





### पेलिकान का भी नहीं बढ़ा परिवार

मैत्रीबाग में ईमू बर्ड की तरह आकर्षक पेलिकान बर्ड का भी कुनबा नहीं बढ़ रहा है। ग्रे पेलिकान परिवार में 14 सदस्य हैं। पिछले कुछ साल के दौरान पेलिकान भी कई बार अंडे दे चुके हैं लेकिन इनमें से बच्चे नहीं निकल पाए। कुछ बार अंडे खराब हो गए तो कुछ बार इनके पोखर (मोढ़) के पानी में गिर गए। पेलिकान बर्ड भी विलुप्तप्राय प्रजाति के हैं। यह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।

## सीटू ने की जल्द चुनाव की मांग, तीसरे सप्ताह चुनाव प्रक्रिया का आश्वासन

# यूनियन मान्यता चुनाव के लिए बीएसपी प्रबंधन पर बढ़ रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

चार महीने पूर्व 23 सितंबर 2024 को बीएसपी में पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त होने के त तत्काल बाद 24 सितंबर को सीटू ने पत्र देकर चुनाव करने की मांग की है। बाद भिलाई की दो और यूनियनों ने भी मान्यता चुनाव के लिए पत्र दिया है। सीटू का प्रतिनिधिमंडल औद्योगिक संबंध विभाग से मुलाकात कर चुनाव को लेकर हो रहे तैयारी पर चर्चा किया। यूनियन के विजय कुमार जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, संतोष कुमार पणिकर, अशोक खातरकर केवेंद्र सुंदर, एसपी डे डीवीएस रेड्डी उपस्थित थे तथा प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जे एन ठाकुर विकास चंद्रा रोहित हरित उपस्थित थे।

सीटू ने बताया कि 4 वर्षों से राजहरा में चुनाव प्रस्तावित है। पिछले दिनों प्रबंधन की ओर से सभी यूनियनों को पत्र देकर कहा गया है कि 10 दिसंबर तक यूनियन चुनाव हेतु अपनी सहमति पत्र देते हुए वर्तमान वार्षिक विवरण एवं यूनियन के विधान की छाया प्रति को जमा करें। अधिकांश यूनियनों ने इन दस्तावेजों को जमा कर दिया है। अब प्रबंधन राजहरा की चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। जनवरी 2025 में ही उप मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय के साथ बातचीत करने के बाद चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

### विलंब पर जताया असंतोष, तीन यूनियनें कर चुकी हैं मांग



### तीसरे सप्ताह से शुरू होगी चुनावी गतिविधियां

चर्चा के दौरान सीटू प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पूछे जाने पर महाप्रबंधक जेएन ठाकुर ने बताया कि भिलाई में भी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। जनवरी के तीसरे सप्ताह में चुनाव के संदर्भ में गतिविधियां शुरू हो जाएगी एवं प्रबंधन भी जल्द से जल्द चुनाव करवाने के पक्ष में है।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मान्यता यूनियन के साथ वैधानिक समितियां कर्मियों के प्रतिनिधित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### आएगी मजबूती

यूनियन नेताओं ने कहा कि मान्यता कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद भी सुरक्षा समितियां अगले मान्यता चुनाव तक कार्य करते रहती हैं, लेकिन नियमानुसार यह समितियां मान्यता चुनाव के बाद प्रथम स्थान हासिल किए यूनियन यानी मान्यता यूनियन के साथ बनाई जाए तो ज्यादा मजबूती एवं सक्षमता से काम कर सकेंगे। इसलिए मान्यता चुनाव का समय पर होना बहुत जरूरी है अन्यथा कर्मियों के पक्ष में काम करने वाले बहुत सी समितियां कर्मियों के बीच से गायब हो जाएगी, जो कि कर्मियों एवं संयंत्र के हित में नहीं है।

# प्रबंधन की नीतियों से छोटे ठेकेदार हो जाएंगे अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



- सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक मे प्रबंधन से गुहार

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक इंडियन काफी हाउस भिलाई निवास में अध्यक्ष केए अब्दुल कादर की अध्यक्षता में हुई। बीएसपी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और प्रबंधन से तत्काल समाधान की मांग की गई। एसोसिएशन द्वारा मांगों को लेकर बीएसपी प्रबंधन से मिलने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से बीएसपी द्वारा सभी छोटे कार्यादेश को समाप्त कर एक बड़े कार्यादेश में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। बीएसपी ने अपने हर विभाग में कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणी के ठेकेदार का पंजीयन किया है, जिससे कई वर्षों से कार्य कर रहे छोटे ठेकेदार अपात्र होने के कारण कार्य से वंचित हो जाएँगे। जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा। सदस्यों ने प्रबधन से अपील की कि अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की गई। मांग की कि आवश्यकता अनुसार हर कार्य समय पर करने वाले ठेकेदारों का ध्यान रखते हुए श्रेणी के अनुरूप ठेकेदारों को काम दिया जाए। सदस्यों ने कहा कि सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस जांच के दौरान श्रमिकों की फोटो खींचकर ठेकेदार पर मनमाना अर्थदंड बिना किसी सूचना के लगाया जा रहा है। इसकी जानकारी ठेकेदार को वित्त विभाग द्वारा की जा रही सीधी कटौती से मिल रही है।

### पुनर्विचार व अर्थदंड कम करें

एसोसिएशन ने अर्थदंड को कम करने की मांग की है। बैठक में 500 ठेकदार पंजीकृत है, प्रबंधन उन्हें कार्य नहीं दे पा रहा है लेकिन नए पंजीयन निरंतर चल रही है जो समझ से परे है। बैठक में अध्यक्ष केए अब्दुल कादर ने कहा कि इन सारी समस्याओं के समाधान और कांट्रेक्टर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक में विभिन्न कंपनियों के ठेकेदार उपस्थित थे।

## सुपेला पुलिस ने की कार्रवाई

# लिफ्ट लगाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई




- स्कोन एलिवेटर डायरेक्टर के खिलाफ हुई
- रुपए लेने के बाद भी काम नहीं किया गया

लिफ्ट लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि स्कोन एलिवेटर डायरेक्टर विजय सिंह ने 3 लिफ्ट लगाने के लिए 25 लाख से अधिक रुपए का सौदा नेहरू नगर पश्चिम निवासी संजय कुमार अग्रवाल से किया था। लेकिन पैसे मिलने के बाद भी विजय सिंह ने काम नहीं किया। जिसकी शिकायत सुपेला पुलिस थाने में की गई बै। संजय अग्रवाल अपने मकान लिफ्ट लगवा रहा है। जिसके लिए उन्होंने स्कोन एलिवेटर कंपनी के डायरेक्टर विजय सिंह से बात हुई। दोनों के बीच तीन लिफ्ट लगाने का एग्रीमेंट भी हुआ। उन्होंने पूरा पैसा भी ले लिया।

मकान में लिफ्ट लगाने का काम आधा अधूरा छोड़ दिया। पैसा मांगने पर विजय सिंह रुपए भी नहीं लौटा रहा है बल्कि ना काम शुरू कर रहा है। पुलिस ने जांच में पाया कि नेहरू नगर स्थित निर्मित भवन में 2/3, 2/5 की लिफ्ट लगाने के लिए स्कोन एलिवेटर के डायरेक्टर विजय सिंह से एग्रीमेंट हुआ। पहला अनुबंध 7 अगस्त 2023 को हुआ। तब विजय ने 5 लाख 25 हजार 100 रुपए एडवांस लिया। दूसरा एग्रीमेंट 10 सितंबर 2023 को हुआ। तब 9.90 लाख रुपए लिए। तीसरा अनुबंध 8 फरवरी 2024 को हुआ। इसके लिए 7.27 लाख रुपए लिए गए। पुलिस ने जांच में पाया कि विजय सिंह ने तीनों लिफ्ट के एग्रीमेंट के अनुसार पैसे लिए। बावजूद भी उसने काम नहीं किया।

## सेल स्थापना दिवस पर पैदल चाल पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल के स्थापना दिवस 24 जनवरी को स 8 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए 12 जनवरी से पंजीयन प्रारंभ हो गया है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रूपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रूपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं भाग ले सकती हैं।

10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं संध्या 4 बजे से 6 बजे तक जयंती स्टेडियम में पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण के समय समस्त कर्मचारियों को अपना परिचय पत्र साथ लाना होगा।

# नब्बे घंटे काम करने से स्वास्थ्य पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- श्रमिक संगठन एक्टू ने सुब्रमण्यन के बयान का किया विरोध

ऑल इंडिया सेन्ट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियंस एक्टू छत्तीसगढ़ ने लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन के इस बयान की निंदा की है कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए और 8 घंटे का कार्यदिवस तथा 48 घंटे के कार्यदिवस को सख्ती से लागू करने की मांग की है। एटक न सीटू ने भी बयान को उद्योगपतिपरस्तश्रमिक विरोधी बताया है।

एक्टू के राज्य महासचिव बृजेंद्र तिवारी ने जारी बयान में कहा कि सुब्रह्मण्यन के पूर्व , इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने भी देश में कार्य उत्पादकता बढ़ाने और भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए, युवा भारतीयों को सप्ताह में 70 घंटे तक काम करना चाहिए का बयान दिया था। ओला के भाविश अग्रवाल, जिंदल स्टील वर्क्स ग्रुप के सज्जन जिंदल जैसे अन्य कारोबारी दिग्गजों ने सार्वजनिक रूप से 70 घंटे के कार्यदिवस के प्रस्ताव का समर्थन किया।

मोदी सरकार की चरम कॉरपोरेट परस्त नीतियों और मोदी शासन के तहत कॉरपोरेट राज को मजबूत करने से उत्साहित कॉरपोरेट घराने खुलेआम ऐसे बयान जारी कर रहे हैं जो मजदूर वर्ग के प्रति घोर उपेक्षा दिखाते हैं, जिसमें उनकी शारीरिक और मानसिक भलाई भी शामिल है। यही नहीं, बल्कि, कॉरपोरेट्स ने अवैध रूप से 12 घंटे काम को आदर्श बना दिया है, खासकर ठेका श्रमिकों के लिए। लंबे समय तक काम करने का गंभीर प्रभाव श्रमिकों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। कई अध्ययनों ने लंबे समय तक काम करने की शिफ्ट को सामान्य स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव से जोड़ा है, जिसमें संज्ञानात्मक चिंता, मस्कुलोस्केलेटल विकार, नींद की गड़बड़ी और तनाव जैसी समस्याएं शामिल हैं। अतिरिक्त कार्य घंटों से उत्पन्न होने वाली थकान भी है जो "न्यूरोमस्कुलर तंत्र को प्रभावित करने वाले अन्य अंगों में भी फैलती है, जिससे संवेदी धारणा कम हो जाती है, ध्यान कम लगता है, भेदभाव करने की क्षमता कम हो जाती है, मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, ग्रंथि स्राव कम हो जाता है, दिल की धड़कन कम हो जाती है या दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है और रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं"। उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित नहीं होती है, बल्कि वास्तव में उत्पादकता कम हो जाती है। डेटा पुष्टि करता है कि कम कार्य दिवस और बेहतर वेतन उत्पादकता और यहां तक कि मुनाफे में सुधार करता है, और कई देश वास्तव में 6 घंटे के कार्य दिवस की ओर बढ़ रहे हैं। काम के घंटे बढ़ाने से पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच असमानता और बढ़ेगी।

# भिलाई संयंत्र के सभी सर्कुलर हिंदी में हों जारी

- बीएसपी सीजीएम से मिला बीडब्ल्यूयू

**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में जारी होने वाले सभी सर्कुलर हिंदी में भी जारी किए जाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। सीजीएम ने आश्वस्त किया है। यूनियन के प्रतिनधिमंडल नेमुख्य महाप्रबंधक एचआर संदीप माथुर को ज्ञापन में कहा कि संयंत्र हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित है। ज्यादातर कर्मचारी हिंदी बोलते हैं और हिंदी आसानी से समझते हैं साथ ही अग्रजी भाषा के साथ उतने अपने आप को जोड़ नहीं पाते हैं। इसके बाद भी सर्कुलर का हिंदी में जारी नहीं किया जाना दुर्भाग्य जनक है। जबकि लाखों रुपए सालाना खर्च कर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी सेल काम कर रहा है, बावजूद इसके हिंदी में सर्कुलर जारी करने के बजाय केवल औचारिकता निभाया जाता रहा है। केवल सर्कुलर के अंत में इसे सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने कहा कि सर्कुलर के हिंदी में जारी नहीं होने का खामियाजा संयंत्र कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही एक सर्कुलर 2023 में केवल अंग्रेजी भाषा में जारी किया गया था जिसमें कर्मियों को अपने ऊपर आश्रितों का डिक्लेरेशन देना था। जिन कर्मियों ने जानकारी के अभाव में डिक्लेरेशन नहीं भर पाए ऐसे कर्मियों के आश्रितों के नाम एच आर आई एस मॉड्यूल से हटा दिया गया। ऐसा ही एक वाकया रिकलेमेशन शॉप के कर्मचारी के साथ हुआ जब उन्हें यह पता चला कि उनके आश्रित बेटी का नाम आश्रितों की सूची में शामिल है ही नहीं। इसलिए उनके बेटी को भर्ती नहीं कर सकते।

बैठक में बीएसपी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्वल दत्ता, विमल कुमार पाण्डेय, शिव बहादुर सिंह, दिलेश्वर राव, मनोज डडसेना, सुरेश सिंह, अमित बर्मन, लूमेश कुमार, प्रदीप सिग, संदीप सिंह, कृष्णमूर्ति, नितिन कश्यप, राजकुमार आदि शामिल थे।

## तीन सौ मीटर ऊंचा हैं बंकर, शुरु होने से होगी सुविधा

# सिंटर प्लांट-3 में आयरन ओर फाइन्स बंकर नं. 5 की कमीशनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिन्टर प्लांट-3 (एसपी-3) मशीन 2 के आयरन ओर फाइन बंकर नं. 5 का उद्घाटन 7 जनवरी 2025 को सफलतापूर्वक कैपिटल रिपेयर के बाद किया गया। यह बंकर एसपी-3 मशीन 2 में उपस्थित विभिन्न कच्चे माल के भंडारण के लिए 13 बंकरों में से एक है। बंकर लगभग 23 मीटर ऊंचा और 7400 मिमी व्यास का है, इसमें लगभग 1600 टन आयरन ओर फाइन्स का भंडारण किया जा सकता है।

बंकर नंबर 5 की कमीशनिंग का उद्घाटन समारोह, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) श्री बी के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (एसपी) श्री अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी (मैकेनिकल) श्री एस हलधर और महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष (एसपी 3) श्री सजीव वर्गीस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



यह पूरा कार्य उपमहाप्रबंधक (एसपी 3) श्री एम यू राव, सहायक महाप्रबंधक (सीएमएम) श्री अनिल भावे, महाप्रबंधक (सीएमएम) श्री वर्गीस जॉन, वरिष्ठ प्रबंधक (एसपी 3) श्री ओम नमः शर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक (एसपी 3) श्री विपिन मौर्य के तकनीकी मार्गदर्शन में किया गया।

महाप्रबंधक (एसपी 3) श्री आई वी रमना और वरिष्ठ प्रबंधक (एसपी 3) श्री जितेश शाहनी द्वारा योजना और समन्वय का कार्य किया गया। बंकर के रिपेयर के लिए समय पर बड़ी मात्रा में आपूर्ति करने हेतु महाप्रबंधक (एफ एंड एसएस शॉप) श्री जीतेंद्र मोटवानी और सहायक महाप्रबंधक (प्लेट मिल) श्री निरंजन महंता की एसपी-3 द्वारा सराहना की गई।

लौह अयस्क फाइन्स बंकर नं. 5 की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी थी,, जिसके कारण यह कभी भी ढह सकता था। सिंटर मशीन 2 के चालू होने के बाद पहली बार इस बंकर की कैपिटल रिपेयर की गई। रिपेयर मई 2024 के दौरान शुरू हुई थी और दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह के दौरान दुर्घटना मुक्त तरीके से पूरी हुई। रिपेयर अवधि के दौरान, प्लेट मिल में 10 मिमी मोटे बड़ी मात्रा में एमएस और एसएआईएल हार्ड प्लेट्स रोल की गई, जिन्हें ड्रॉइंग के अनुसार स्ट्रक्चरल शॉप में मोड़ा गया और प्लांट गैराज द्वारा उपलब्ध कराए गए ट्रेलर के माध्यम से एसपी3 में शिफ्ट किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
28 फरवरी से 11 मार्च 2025, 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025, 09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



नैना की नजर

## लाइव इवेंट

### लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनी



**भिलाई ।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि शास्त्री पार्क में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि रवि सिन्हा कार्यपालन यंत्री नगर निगम भिलाई थे। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति अजीत सिंह उपस्थित थे। अध्यक्षता नरेन्द्र श्रीवास्तव ने की । अतिथियों ने शास्त्रीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर योगदान को याद किया। रीना सिंह, टीटू अग्रवाल बीएल असाटी, देवब्रत देवांगन, डा ज्योति शर्मा,सुश्री दीक्षा केवलानी,घनश्याम अग्रवाल, श्रीमती ममता निबंलकर, एम व्ही एस कुमार ,श्रीमती नसरीन, श नमिता त्रिपाठी,किशोरगुप्ता, रेणु शर्मा, लीना चन्द्राकर, मंजू असाटी, निर्मला वासुदेवन, स्वाति केवलानी, गणेश तहेकर, मधु गोयल, कविता अग्रवाल निर्मला तहेकर आदि उपस्थित थे। नरेन्द्र श्रीवास्तव ने विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन व्दारा पैंतीस लाख रुपए से शास्त्री पार्क के सौन्दर्यीकरण कराने की घोषणा की, तथा पार्क का रखरखाव आगामी तीन वर्षों के लिए रोटरी क्लब व्दारा किया जायेगा । वरिष्ठ सदस्य आर के,सिह ने शास्त्री जी के योगदान की चर्चा की । विवेक त्रिपाठी ने पेड़ लगाने की बात की। कार्यक्रम का संचालन श्रीकान्त श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

- शास्त्री पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक रिकेश देंगे पैंतीलीस लाख

## सिटी इवेंट

### जायसवाल समाज ने मंत्री जायसवाल से की समाजिक चर्चा



**भिलाई।** जायसवाल समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने समिति गतिविधियों से अवगत कराया। समिति द्वारा समाज कल्याण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। समाज के जरूरतमंदों व मेधावी विद्यार्थियों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में निर्धन कन्या विवाह , स्वास्थ्य शिविर जैसे समाजिक कार्यों की रूपरेखा भी बनाई जा रही है। इन कार्यों के लिए मंत्री श्री जायसवाल ने समिति की सराहना की और समाज कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जिससे समाज के लोग आर्थिक रूप से भी संबल हो सकेंगे। विशेषकर महिलाओं को इस दिशा में आत्मनर्भर बनाने के लिए जोर दिया। इस मौके पर समाज के संरक्षक मृत्युजंय , विजय जायसवाल, अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष अन्नू जायसवाल, दिनेश जायसवाल, नितिन जायसवाल,श्याम जायसवाल, विकास जायसवाल, तिरत जायसवाल, सोनू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### पीएम योजना से हितग्राहियों को मिल रहा है स्वयं का मकान

**भिलाई।** शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोन आस घटक अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र में मकान निर्माण किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत किराये के रूप में निवासरत नागरिकों को इस योजना के तहत मकान का आबंटन शासन के नियमानुसार किया जा रहा है। जिसमें विरष्ठजन, दिव्यांगन एवं सामान्य वर्ग के नागरिक शामिल है। जो पूर्व में आवास हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है और जो हितग्राही पात्रता की श्रेणी रखते है, उन्हे ही यह मकान का आबंटन किया गया है।

महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपने हाथो से हितग्राहियो को लॉटरी के माध्यम से मकान आवंटित किए। हितग्राहियो को स्वयं के हाथो से लाटरी निकालवाया गया और जिस युनिट की पर्ची पर हितग्राही का नाम निकला उन्हे मकान आबंटन कर दिया गया। इन जगहो का मकान हितग्राहियो को आबंटन किया गया है, दिव्यांग एवं वरिष्ठ लोगों को भूतल का चार मकान मिला, सामान्य लोगों को 25 मकान मिला, कुल 29 मकान आवंटित किए गए। जिसमें हितग्राही 10 प्रतिशत राशि जमा किए हैं। शेष पूर्ण राशि जमा करने के बाद उन्हें मकान की चाबी प्रदान कर दी जाएगी। इन क्षेत्रों में मकान आवंटित किया गया है सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 4 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 22 मकान, अविनाश मेट्रोपालिश के 1, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 1 एवं आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड के 1 निर्मित मकान का आबंटन हितग्राहियो को आबंटित किया गया है। आवास आबंटन के दौरान एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर अभियंता दीपक देवांगन, नम्रता ठाकुर , जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

● गेंदा, गुलाब, डहेलिया की मांग अधिक, नर्सरी में रोज लग रही भीड़

# फ्लावर शो के लिए घर की बगिया तैयार कर रहे प्रकृति प्रेमी, सर्द मौसम में महक रही नर्सरी

ठंड के मौसम में ट्विनसिटी के घरों के अंदर और गार्डन में रंग-बिरंगे फूल आंगन की शोभा बढ़ा रहे है। वहीं हर साल फरवरी महिने में मैत्री गार्डन में होने वाले सबसे बड़े फ्लावर शो के लिए भी प्रकृति प्रेमी अपनी बगिया खूबसरत ढंग से सजाने जतन कर रहे है। बीते कुछ सालों से शहर में घरों में गार्डनिंग का चलन भी तेजी बहा है। प्रकृति प्रेमियों के मुताबिक नवंबर से जनवरी तक का समय फूल लगाने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। ऐसे में शहर की नर्सरी में भी लोगों की मांग को देखते हुए कई तरह प्रजातियों के देशी और विदेशी पौधे मंगाए गए है।



**भिलाई।** शहर की नर्सरी के संचालकों ने बताया कि शहर में शीत ऋतु की शुरूआत होते ही पौधों की मांग बढ़ जाती है। इस साल देशी और विदेशी फूलों की मांग अधिक है। इनमें गुलाब, डहलिया, सेवंती, पेवील, पिटूनिया, सालबिया, हाइब्रिड गेंदा समेत कई तरह को फूलों की भारी मांग है। वहीं, शहर में गुलाब के बाद सबसे ज्यादा गेंदा, सेवंती अलग-अलग रंगों वाले फूलों वाले पौधे की मांग अधिक रहती है। ठंड के शुरूआती समय से ही पौधों की मांग दोगुनी भी हो गई है। उन्होंने कहा कि ठंड के समय में किचन गार्डन को और सुंदर और आकर्षक बना सकते हैं। इसके लिए शहर की नर्सरियों में भी कई तरह पौधे उपलब्ध हैं। इसमें नींबू, मिर्च के साथ शिमला मिर्च, धनिया पत्ती, मेथी, तरह-तरह की सब्जियां भी लगाई जा सकती है।



### छोटे कद के पौधे में बड़े आकार का फूल

लड्डू गेंदा, देसी गेंदा और बड़े फूल वाले अफ्रीकन गेंदा तीनों प्रकार के पौधों की डिमांड है। जबकि, अधोली, पेंटाज, कलंचू, मधुकामिनी, गंधराज एवं अनंता की देसी प्रजातिया है तो इसका हाइब्रीड भी है। जलवायु के अनुसार देशी पौधों की लम्बाई 2-3 फीट होती है। जबकि यहीं पौधे हाइब्रिड तरीके से उगाए जाते हैं तो पौधे छोटे और फूल बड़े होते हैं।

### मलेशिया का जासौन कोलकाता का डहालिया

मलेशिया के जासौन को प्रजाति के पौधे घरों में पसंद किए जा रहे हैं। इसको 10-12 प्रजातियों के फूल कई रंगों में खिलते हैं। कोलकाता की डेहालिया और सेवंती के फूल भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा गेंदा, गुलाब, फ्रीसिया, आइरिस, एनीमोन, डहलिया, गुलदाउदी, पिटोनिया, पेजो, ऐरिका आदि फूलों की मांग है।

### औषधीय पौधों की हर समय मांग

नर्सरी संचालक ने बताया कि औषधियों वाले पौंधो की मांग अधिक बढ़ी है। इन पौधे की मांग हर समय रहती है। लोग इसे अधिक रुचि से खरीदते हैं। इनमें गिलोय, तुलसी, अश्वगंधा पुदीना, लेमन ग्रास, कालमेग, एलोविरा इन पौधों को लगाने से लाभ ही मिलता है।





### छत पर गार्डनिंग करने में बढ़ी रुचि

श्यामली रामकृष्ण मुखर्जी हाउसिंग बोर्ड निवासी ने बताया कि ठंड के मौसम में पौधों को फंगस से बचाना बड़ी चुनौती होती है। इसलिए हर 15 से 20 दिनों में एक बार जैविक बाद जरुर डालें और पौधों में हमेशा ठंडा पानी ही डाले। सर्दी के मौसम में छोटी- -छोटी गलतियां आपके आपके बगीचे बगीचे की की सुंदरता को बिगाड़ सकती हैं। इनकी देखभाल के साथ ही इन्हें पर्याप्त पोषक तत्व मिलें, को नुकसान न पहुंचाएं फंगस न लगने पाए, इसके लिए प्रकृति प्रेमियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। शहर में प्रकृति प्रेमियों को कमी नहीं है। पॉश कॉलोनियों में समेत बस्तियों में सीमित दायरे में मकान बनाकर रहने वाले भी छत पर गार्डनिंग करने में रुचि लेने लगे हैं। इनकी बढ़ती पैठ के चलते शहर के मुख्य स्थानों और आउटर इलाके में नर्सरी कल्चर भी फलने-फूलने लगा है। कई युवा इसे कैरियर के रूप में भी संवार रहे हैं। इनके पास प्रेमियों की आवाजही से रौनक भी बनी रहती है।

## दिव्यांग बच्चों ने राम भजनों की दी सुमधुर प्रस्तुति, हिन्दू युवा मंच ने किया सम्मान

**भिलाई।** युवा मंच द्वारा ग्रीन चौक में शनिवार की शाम को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 1100 दीप प्रज्वलन कर भव्य महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वप्निल यादव व दिव्यांग बच्चों ने सुमधुर संगीत की प्रस्तुति दी। इनकी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान हिन्दू युवा मंच संयोजक गोविंद राज नायडू ने बताया कि आज हम सभी एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन न केवल हमारी आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं के प्रति हमारी अटूट निष्ठा का उत्सव भी है। हम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्रथम वर्षगांठ मना रहे हैं, जो पूरे देश और विश्व के करोड़ों रामभक्तों के लिए एक अद्वितीय उपलब्धि है। इस मंदिर का निर्माण भारत की एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह केवल पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि हर हिन्दू के दिलों में बसे राम नाम की छवि है। यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा इस अवसर पर हमें रामभक्तों और उन महान व्यक्तियों को नमन करना चाहिए जिनके अथक प्रयासों से यह सपना साकार हुआ। इस पावन अवसर पर राम नाम का जयघोष करें और अपने जीवन में उनके आदर्शों को आत्मसात करें। कार्यक्रम संचालन दिनेश मिश्रा ने किया। दृष्टि बाधित दिव्यांग कलाकारों का सम्मान प्रदेश प्रमुख श्रीकुमार ,जिला प्रभारी राजा देवांगन, आदिशक्ति जिला संयोजिका डॉ भावना दिवाकर, सृष्टि देवकर एवं भाविका देवांगन द्वारा किया गया।



## छग गतका एसो. की नई कार्यकारिणी गठित, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**भिलाई।** रविवार को गुरुद्वारे हाल सुपेला में गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया गया है। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप, छग गतका एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन, जोन अध्यक्षों की नियुक्ति, उप समितियों का गठन रैफरी कौंसिल का गठन, खिलाड़ियों, रैफरी कोच के लिए समर कैंप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, बेमेतरा, भाटपारा, मुंगेली, पेंड्रारोड़, सक्ती, धमतरी, सूरजपुर, अंबिकापुर के जिला गतका संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में इंदरजीत सिंघ छोटू अध्यक्ष, जसवन्त सिंघ खालसा महासचिव और मलकीत सिंह लल्लू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हरपाल सिंघ भामरा, जसबीर सिंघ चहल, अकलेश दुबे संरक्षक बनाए गए। पृथ्वी पाल सिंघ एसोसिएशन का मुख्य कोच बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू ने कहा कि शीघ्र ही पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी बनाई जायेगी और गतके के प्रचार-प्रसार के लिए सभी जिलों के सहयोग से योजना बनाई जायेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट प्रतियोगिता कराई जाएगी।



अग्रसेन पब्लिक स्कूल हाईस्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

## विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य की प्रस्तुति में गंदगी न फैलाने का दिया संदेश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा दुर्ग द्वारा 7वां वार्षिकोत्सव 'उत्कर्ष' 2024 को 10 जनवरी को विद्यालय परिसर में मनाया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं संचालिका मंजुलता अग्रवाल द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ का राज्य गीत की प्रस्तुति दी। कक्षा 10वीं के छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। केजी-2 के छात्रों ने स्वागत गीत में नृत्य किया। कक्षा नर्सरी के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। केजी-1 एवं केजी-2 के बच्चों ने हिंदी फिल्मों के रिमिक्स गानों में शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पहली के बच्चों द्वारा पुराने एवं नए गीतों में अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा दूसरी की छात्राओं ने दक्षिण भारतीय लोक नृत्य प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में अतिथि ग्राम धनोरा के सरपंच मनीष साहू एवं शास.हायर सेकंडरी स्कूल धनोरा की प्राचार्या नीलिमा गजपाल उपस्थित रही। संस्था के चेयरमैन द्वारा अतिथियों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। कक्षा तीसरी के छात्रों ने ड्रामा-नृत्य के द्वारा पुलवामा में शाहिद जवानों को श्रद्धांजलि दी। अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल की संचालिका मंजुलता अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। क्लास 2 के बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुति में गंदगी न फैलाने का संदेश दिया।





### छोटे बच्चों ने रिमिक्स गानों में शानदारा प्रस्तुति

अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा की प्राचार्या शिवानी वर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट एवं भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा व्यक्त की। श्रीराम मंदिर अयोध्या के एक वर्ष पूर्ण होने की उत्सव में भक्ति गीतों में नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 7 व 8 वीं की छात्राओं द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मी है कि जीवनी में ड्रामा एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 6वीं के छात्रों ने शिव महिमा प्रस्तुत की। कक्षा 7वीं के बच्चों ने डी गुकेश को चेस का विश्व विजेता बनने की बधाई स्वरूप नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 10वीं की छात्राओं द्वारा बॉलीवुड के गीतों में नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। अतिथियों एवं विद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा कक्षा के मेरिट छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अग्रसेन ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा सभी को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षिकाओं एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अग्रसेन ग्रुप के अतिरिक्त संचालक श्रीकांत दासगुप्ता, अग्रसेन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अतिरिक्त संचालक आशुतोष श्रीवास्तव एवं प्राचार्य राकेश, अग्रसेन प्रा आईटीआई भिलाई के प्राचार्य अश्वनी गौर, अग्रसेन प्रा आईटीआई धनोरा के प्राचार्य थानेंद्र राहंगडाले, अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल कोहका की प्राचार्या प्रीति नारखेड़े एवं अन्य स्टाफ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सिटी इवेंट

# लीनेस ने भिक्षुक भोज व कंबल बांट कर वंचितों को दी राहत



**भिलाई।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब डि सीएम-1 सम्पदा के अंतर्गत लीनेस क्लब भिलाई ने नववर्ष के पहले हफ्ते में दो अलग-अलग स्थानों पर सेवा कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें भिक्षुकों को भोजन करवाया गया। वहीं ठंड के इस मौसम में परेशान वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया गया। लीनेस क्लब पदाधिकारियों ने साईं बाबा मंदिर सेक्टर-6 के आसपास बैठे भिक्षुकों को भोजन करवाया। सभी भिक्षुकों ने लीनेस पदाधिकारियों का इसके लिए आभार जताया। इसी तरह लीनेस क्लब ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित बस्ती में वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया। जिससे इस भीषण ठंड में लोगों को राहत मिले। इन दोनों विशिष्ट सेवा कार्य में लीनेस क्लब की ओर से जया त्रिवेदी, अर्चना मिश्रा, नीता गुप्ता, शालिनी सोनी, प्रिया रस्तोगी सुषमा गुप्ता, उज्जवला सिंघल, करुणा बंसल, गीता मिश्रा, मनोरमा राणा, उमा गुप्ता, सीमा यादव, उर्मिला टावरी, अंजना विनायक, संगीता अग्रवाल, मंजू सुराणा, कल्पना, सुषमा उपाध्याय, मीनाक्षी, सुरेखा, नीलू सिंघल, पुष्पा, लता गायकवाड़, नूतन गंधोक, मंजू तिवारी, मीना सिंह, उषा अग्रवाल, अरुण और लक्ष्मी का विशेष सहयोग रहा।

- **नववर्ष के पहले सप्ताह में लीनेस क्लब भिलाई का विशिष्ट सेवा कार्य**



## हेल्थ इवेंट

# दंत चिकित्सा परामर्श शिविर में 110 लोगों ने कराया चेकअप



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच के डॉक्टर्स द्वारा गौसिया मस्जिद के पीछे चैता मैदान कैंप 1 में निशुल्क दंत चिकित्सा परामर्श शिविर शनिवार को लगाया गया। शिविर में 110 लोगों का चेकअप किया गया और दंत रोग के बारे में उनको जानकारी दी गई। उपयुक्त ईलाज के लिए बताया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों का भी परामर्श कर उनके पालकों को दांतों में कीड़े लगने के कारण उसके उपचार और ब्रशिंग पद्धति की जानकारी दी गई। कई लोगों को तम्बाखू और उसके दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। डॉ. फातिमा खान, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. शाहीन हमदानी, डॉ. सविता कब्डवाल, डॉ. आस्था श्रीवास्तव, डॉ. श्रेणिक नाहटा, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. भारती, डॉ. उज्जवल जायस्वाल, डॉ. श्रुति दुबे द्वारा शिविर में आये लोगों का परामर्श दिया गया। शिविर का आयोजन रजत शाह, रेशम सिंग, दलजीत सिंग, तौहीद अहमद, विकास यादव द्वारा किया गया।

- **दांतों में कीड़े लगने के कारण उसके उपचार व ब्रशिंग की दी जानकारी**

## एजुकेशन लाइव

# संविधान व भारत की संकल्पना' पर प्रो. आरिफ का व्याख्यान कल



**भिलाई।** पार्क फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की ओर से भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान संवाद श्रृंखला के अंतर्गत संविधान संवाद-2 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई और पार्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 जनवरी को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मोहम्मद आरिफ का व्याख्यान भिलाई में रखा गया है। नागरिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध पूरे देश में सम्मानित शिक्षाविद, अध्येता इतिहासकार प्रोफेसर आरिफ यहां 'संविधान एवं भारत की संकल्पना' विषय पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करेंगे। भिलाई में यह आयोजन दोपहर 1 बजे से कॉफी हाउस सुपेला में होगा। सेंटर फॉर हारमनी एंड पीस के चेयरमैन प्रो आरिफ अपने व्याख्यान के द्वारा सामाजिक न्याय, समानता,सद्भाव ,सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के लिए लम्बे अरसे से शिद्दत के साथ पूरे देश में सक्रिय हैं।

## भागवत सप्ताह के चौथे दिन मनाया गया प्रभु श्रीराम व कृष्ण का जन्मोत्सव

# राम जैसे पुत्र की कामना है तो पहले खुद बनें माता कौशल्या और पिता दशरथ: आचार्य संदीप

**भिलाई।** मर्यादा पुरुषोत्म राम जैसे पुत्र की कामना सभी माता-पिता करते है। लेकिन अगर आपको राम जैसा पुत्र चाहिए तो उससे पहले आपको खुद माता कौशल्या व पिता को दशरथ बनना पड़ेगा। तब आप बच्चों से अपेक्षा राम जैसे पुत्र की रखिए। मतलब आपको भी त्याग करना पड़ेगा। बच्चों की परवरिश के दौरान माता-पिता को खुद भी संस्कारी बनना पड़ेगा। तभी बच्चे भी संस्कार सीखेंगे। प्रभु राम के संदर्भ में यह बातें सेक्टर 2 में चल रहे भागवत कथा सप्ताह के चौथे दिन आचार्य संदीप तिवारी ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में अभिभावक खुद बच्चों के सामने अश्लील गाने देखते व नाचते है और बच्चों को भी सीखा रहे है। दिन भर मोबाईल, सोशल मीडिया में लगे रहते है और बच्चा रोया तो उसे भी मोबाईल पकड़ा कर अपने स्नेह व दायित्वों से इतिश्री कर लेते है तो बच्चा क्या सीखेगा यह खुद को समझना पड़ेगा।



### राम केवल नाम नहीं, राम एक संस्कार हैं



आचार्य ने बताया कि भक्ति, उपासना व क्रिया यह तीन चीजे जहां होगी वहीं प्रभु का अवतार होता है। जैसे राजा दशरथ वेद है और वेद की तीन धाराएं भक्ति का रुप माता कौशल्या, उपासना सुमित्रा व क्रिया का रुप कैकयी को कहा गया है। राम चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि राम केवल एक नाम नही है अपितु राम एक संस्कार है और संस्कार सत्य व सुंदर है। इसलिए देवाधि देव महादेव भी प्रभु राम की उपासना में लीन रहते है। राम नाम एक मंत्र है जितना सरल राम का नाम है उतना ही सरल मंत्र। राम नाम के महामंत्र को लेकर जीवन सफल करों, पूरी होगी मनोकामना रामायण का पाठ करों। इस पंक्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि जो राम नाम के महामंत्र का जाप करेगा और राम रुपी नौका का आश्रय लेगा उसे राम भवसागर से पार करा देंगे। इसलिए मृत्यु के बाद अंतिम यात्रा में राम नाम सत्य है कहा जाता है। सत्य राम है और सत्य ही कृष्ण है।



### माता-पिता भी करें त्याग, प्रसंगों पर सुनाई कथा

रविवार को कथावाचक आचार्य संदीप तिवारी ने कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई।



## दो दिवसीय आयोजन

# दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यक्रम 18 जनवरी से



**भिलाई।** दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानों कार्यक्रम 18 और 19 जनवरी को डॉ. अंबेडकर भवन (पुराना बीएसपी स्कूल), रेलवे अंडरब्रिज के सामने, सेक्टर 6 भिलाई नगर में रखा गया है। डॉ अंबेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ,एनस्टेप छत्तीसगढ़ और मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा। आयोजन समिति की ओर से विश्वास मेश्राम ने बताया कि 18 जनवरी शनिवार सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र होगा। मुख्य अतिथि एमडी कावरे (आईएएस) डिविजनल कमिश्नर, रायपुर और बिलासपुर संभाग, अति विशिष्ट अतिथि, आईपीएस डॉ. रतन लाल डांगी, आईएएस दिलीप वासनीकर, आईआरएस अनुराग मेश्राम, भगवान गवई, बिजनेस टायकून, पुणे और पूर्व जज एसएल मात्रे होंगे। अध्यक्षता सीजीएम-एससी एसटी वर्ग भिलाई स्टील प्लांट और अध्यक्ष -मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल एल उमाकांत भिलाई करेंगे। अतिथियों के उद्बोधन के उपरांत प्रशिक्षण सत्र होगा। जिसमें प्रभाकर खोबरागड़े - एईएफ, अनिल कुमार बनज-सोजलीफ, अजय कुमार कोल्हे एनस्टेप और एल उमाकांत-मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल शामिल होंगे। रिसोर्स पर्सन भगवान गवई पुणे और डॉ. अनुराग मेश्राम मुंबई होंगे। दोपहर 2 बजे से रिसोर्स पर्सन एसएल मात्रे रायपुर, सुधीर रामटेके भिलाई, संजय गजघाटे, मोटिवेशनल स्पीकर, संयुक्त संचालक, उद्योग विभाग रायपुर, डॉ. जितेंद्र सिंगरौल, यंग साइंटिस्ट अवॉर्डी, ओबीसी महासभा, रायपुर और फग्गू लाल नागेश मोटिवेशनल स्पीकर, ट्राइबल हिस्ट्री एवं कल्चर स्कॉलर, गरियाबंद छत्तीसगढ़ होंगे। प्रशिक्षण सत्र में संजीव सुखदेवे, मोटिवेशनल स्पीकर, पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, छत्तीसगढ़, सुमेघराज प्रशासनिक,मोटिवेशनल स्पीकर भिलाई ,डा अमित टंडन मोटिवेशनल स्पीकर कुरूद धमतरी, अजय कुमार कोल्हे राज्य सचिव एनस्टेप, एनआईटी रायपुर, अभिनंदन बाला प्रबंधन विशेषज्ञ, भिलाई, अखिल राज निगम भिलाई और उमेश महिलानी मार्गदर्शन देंगे।

### 19 जनवरी को उद्यमिता विकास के लिए करेंगे मार्गदर्शन

19 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रशिक्षण सत्र में छत्तीसगढ़ के युवक-युवतियों को उद्यमिता विकास के लिए मार्गदर्शन भगवान गवई मुंबई, संजय गजघाटे, उद्योग विभाग रायपुर, अश्वनी बंजारा कृषि विभाग रायपुर, शकुंतला केसकर, सफल उद्यमी भिलाई, वाय के डिंडोरे मत्स्य विभाग रायपुर संजीव सुखदेवे उद्योग विभाग रायगढ़, डॉ. आरके रामटेके, प्रोफेसर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग मार्गदर्शन देंगे। दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे दो अलग-अलग संविधान सत्र होंगे। जिसमें भारत का संविधान-अपेक्षाएं और यथार्थ तथा भारत का संविधान-हमें क्या करना चाहिए विषय पर पर प्रो सुरेश माने, संविधान विशेषज्ञ, पूर्व प्रोफेसर मुंबई यूनिवर्सिटी मुंबई का उद्बोधन होगा। शाम 6 बजे से पांचवें सत्र में भगवान गवई और प्रोफेसर सुरेश माने एससी एसटी ओबीसी और माइनॉरिटी वर्ग के उद्योगपतियों और व्यवसायियों से बेहतर बिजनेस ग्रोथ और इंटरनेशनल बिजनेस लिंकेजेस की संभावनाओं पर अनौपचारिक बातचीत करेंगे।

## खिलाड़ियों का किया सम्मान

# सीनियर रस्साकसी स्पर्धा में छग खिलाड़ियों ने जीता रजत



**भिलाई।** सीनियर रस्साकशी प्रतियोगितापालघर, महाराष्ट्र में आयोजित हुई जिसमें छत्तीसगढ़ ने सीनियर वर्ग 480 किलो महिला वर्ग मे सिल्वर मेडल , 600 किलो मिक्स वर्ग में ब्रोंज़ मेडल और 580 किलो मिक्स में ब्रोंज़ मेडल प्राप्त किया है। प्रतिभागी खिलाड़ी इस प्रकार हैं- सीनियर मिक्स टीम ( 600 कि) औरंगज़ेब खान (कप्तान), श्याम झा,चित्रेश, उवेस निहाल, अजय यादव, नेहा यादव, निर्मला , सुहानी यादव, चित्रांशी पटेल, शोभा। सिनियर मिक्स टीम ( 580 कि) हर्षल वाघ (कप्तान ), मुरली मोहन, धीरेंद्र बहादुर, हिमांचल, गरिमा, शोभा, वाणी, तनु, पूनम साहू, दामिनी,सीनियर गर्ल्स टीम (480 कि)लता नाग (कप्तान), त्रिवेणी, नेहा निषाद, निर्मला, रीना नाग, राधिका, प्रियंका, चंचल, रीना, नेहा यादव। छत्तीसगढ़ टीम के कोच गिरीश कुमार यादव है। प्रतियोगिता में टीम की सफलता के लिए छत्तीसगढ़ रस्साकशी संघ के महासचिव श्रीकांत, जी. सुरेश पिल्लई, इंदरजीत सिंह, अजय दिक्षित, प्रभुनाथ बैठा, निशिकांत शर्मा ने बधाई दी हैं।

### नवेद रजा को अंर्तराष्ट्रीय हिंदी आशु काव्य श्रीसम्मान से सम्मानित



**भिलाई।** शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय फाउन्डेशन लुंबिनी नेपाल के द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर एक काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन लिखित कराया गया। इसमें दुर्ग शहर की प्रतिभा, दुर्ग छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधि करते हुए कवि नवेद रज़ा दुर्गवी ने भाग लिया। अंर्तराष्ट्रीय हिंदी आशु काव्य श्रीसम्मान से सम्मानित किया गया। इस समिति के अध्यक्ष आंनद गिरि मायालु, चयनकर्ता आद.चरना कौर ने आने वाले समय के लिए उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। कमला मोटर्स व कपड़ा व्यापारी कैलाश बरमेचा, अंर्तराष्ट्रीय अफसाना निगार रौनक जमाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष बीजीपी के हाजी मो. ताहिर निजाम शेख, शायरा शाहिन परवीन, अंसारी, सुरेश बंछोर, शायर अलोक नारंग, हाजी रियाज गौहर, सुमीत कुमार, छतीसगढ़ी लोक गायक, मो.जावेद खान, मरकाम, अबूतारिक साहिल, श्याम कुंवर भारती, हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, अनिल राय आदि द्वारा बधाई दी गई।

## स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्मः बंछोर



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** बीएसपी ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में सेक्टर 10 स्थित स्वामी विवेकानंद सेवा केंद्र में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। चेयरमैन,सेफी तथा बीएसपी ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट एवं ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में ओए के महासचिव परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नॉमिनी अजय कुमार,उपाध्यक्ष तुषार सिंह तथा अखिलेश मिश्रा सचिव संजय तिवारी तथा जेपी शर्मा, सहित सेवा फाउंडेशन के एसके जैन, संजीव नैय्यर, मुकेश गुप्ता, सत्यवान नायक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### स्वामी हमारे प्रेरणा स्त्रोत

सेफी, चेयरमैन तथा ओए के अध्यक्ष बंछोर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी हमें श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रेरित करते हैं। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि जीव सेवा ही, शिव सेवा है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए ऑफिसर्स एसोसिएशन ने सेवा फाउंडेशन के साथ मिलकर विकलांग बच्चों के कल्याण के लिए स्वामी विवेकानंद सेवा केंद्र का शुभारंभ किया है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा स्रोत है उनके मार्ग का अनुसरण करते हुए ऑफिसर्स एसोसिएशन ने सामाजिक सेवा का यह बीड़ा उठाया है।

### मानव सेवा को सर्वोपरि माना

जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने मानव सेवा को सर्वोपरि माना है। आज सेवा फाउंडेशन भी ऑफिसर्स एसोसिएशन के इस प्रयास में अपनी सहभागिता देते हुए इस सेवा कार्य को बखूबी अंजाम देने हेतु कृत संकल्पित है। कार्यक्रम के अंत में ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे हृदय सम्राट है। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग आज हमें मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। यही वजह है कि ऑफिसर्स एसोसिएशन अपने सामाजिक कार्यों को बड़ी सिध्दता के साथ अंजाम देते आ रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार सत्यवान नायक ने किया।

### स्वामी विवेकानंद पर संगोष्ठी आयोजित

भिलाई। नेहरू नगर बेलवा तालाब में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें स्वामी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के आध्यात्मिक संस्कृति भारतीय धर्म आदि के बारे में दिए गए व्याख्यानों का मुख्य आधार था। आज के युवा उससे क्या सीख सकते हैं। संगोष्ठी में नगर निगम भिलाई के जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि स्वामी जब भारत गुलाम था उस समय अमेरिका के शिकागो में जाकर धर्म संसद में भारत का वैभव भारत की संस्कृति भारत की आध्यात्मिक चेतना के बारे में दुनिया को बताया। उन्होंने हमें संदेश दिया कि उठो जागो जब तक लक्ष्य न मिल जाए तब तक चलते रहो, राष्ट्रहित, समाज हित स्वयं हित में काम करो। भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर युवाओं को स्वामी से प्रेरणा लेना चाहिए। इस अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग लिविंग के शिक्षक राजेश साहू विश्व हिंदू परिषद से शैलेंद्र परिहार पंकज चौरसिया ने भी अपना विचार रखा। संगोष्ठी के दौरान वैभव जांगड़े, अमर दास, संदीप सिंह राजपूत, डोमार सिंह, सुनील यादव, प्रिया शिधर, प्रियांशु, मुकेश, सौम्या, मोहित वाला, राज सिंह, विशाल कुमार, विधि कोठारी आदि उपस्थित रहे।



सिटी स्पोर्ट्स

## प्रथम खो-खो विश्वकप के लिए छत्तीसगढ़ के तीन राष्ट्रीय निर्णायकों को बुलावा



**रायपुर।** भारतीय खो खो संघ द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम नई दिल्ली में 13 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक पहला विश्वकप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 22 देशों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों सहित ऑफिशियल्स का दल भाग ले रहा हैं। उक्त विश्वकप में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला के साथ राष्ट्रीय निर्णायक फिरोज़ रहमान एवं रुक्मिणी यादव को भारतीय खो खो संघ द्वारा तकनीकी ऑफिशियल्स के रूप में नियुक्त किया गया है। जिसमें भाग लेने के लिए तीनों ही ऑफिशियल नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। तीनों ऑफिशियल की नियुक्ति के लिए भारतीय खो खो संघ का धन्यवाद करते हुए छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा,गोविंद मुदलियार, उमेश सिंह, ललित वर्मा, अक्षत गोयल, पुरन जायसवाल, सुब्रत शाह, देवेंद्र गुप्ता, प्रमोद तिवारी, दूंगा राम गोटा, धर्मेन्द्र कुमार, नरेश शुक्ला, रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, राजेश पांडे, चवन राम साहू, भोलेनाथ चतुर्वेदी, वीरेंद्र मसीह, राजेश पांडे, भगत सोनी, भरत कोटेलकर, उत्तम बरसागडे एवं सचिन डोंगरे ने पूरे छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के सभी सदस्यों व खो खो के साथियों की तरफ से अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी विक्रांत शुक्ला ने दी।

## सुनील- सुधीर की जोड़ी सीनियर टेनिस में विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान मे यूनियन क्लब द्वारा आयोजित इंटर क्लब सीनियर टेनिस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले रविवार को खेले गए। टूर्नामेंट मे 50+, 60+ एवम 70+ डबल्स मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट मे 25 जोड़ियों ने भाग लिया। 40+ के फाइनल मुकाबले मे सुनील सुरना एवम सुधीर वर्मा की जोड़ी ने भरत पटेल एवम जगदीप बंसल की जोड़ी को 4-1,1-4,10-5 से हराया। 50+ के फाइनल मे सुनील सुरना एवम प्रदीप मथानी की जोड़ी ने आनंद आहूजा एवम सुखविंदर भामरा की जोड़ी को 4-1, 4-2 से हराया। 60+ के फाइनल मे प्रदीप मथानी एवम सुधीर वर्मा ने ऋषि बंछोर एवम विजय मथानी की जोड़ी को 4-1, 4-2 से हराया। विजेताओं को ट्रॉफी सुजीत जैन के प्रयोजन मे, अवतार जुनेजा, एवं जी एस बाम्बरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टेनिस संघ, एवं पाली कलश कार्यकारी सदस्य छत्तीसगढ़ टेनिस संघ ने प्रदान की। विजेताओं को गुरुचरण सिंह होरा महासचिव छत्तीसगढ़ टेनिस संघ ने बधाई दी।

## सेल बैडमिंटन में हिस्सा लेंगे बीएसपी के खिलाड़ी



**रायपुर।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा सेल कर्मचारी (महिला एवं पुरूष) बैंडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गापुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, राउलकेला इस्पात संयंत्र, बर्नपुर इस्पात संयंत्र, वी.आई.एस.एल. भद्रावती और सेल कॉर्पोरेट ऑफिस नई दिल्ली की टीमे भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र की बैंडमिंटन में अमित प्रकाश, अंकिता मोहानिया,विजय भानू, भारती चौधरी, शैलेष कुमार,लता एस.पिल्लई और अंजली राजपुत शामिल हैं। टीम के कोच प्रवीण उपाध्याय है। इस अवसर पर क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक सही राम जाखड़, अभिजीत भौमिक उप. प्रबंधक तथा डेनिस क्रिस्ट्री उप. प्रबंधक ने हर्ष जताया है।

### बदलती जीवन शैली के चलते वजन पर नियंत्रण रखना जरूरी

# सही खान-पान के बाद भी कम नहीं हो रहा है वजन तो आज ही से करें आदतों में बदलाव

सही खान-पान के बावजूद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। डाइट के अलावा और भी कई चीजें वजन पर असर डालती है।

वजन कम करने के लिए सही डाइट लेनी चाहिए। डाइट में प्रोटीन, कार्ब्स, हेल्दी फैट्स और फाइबर समेत सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं, अनहेल्दी चीजों से दूर रहना चाहिए। सही डाइट के अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जो आपके वजन पर असर डाल सकती हैं और जिनके बारे में आपको



जानकारी नहीं है। जी हां, जब भी वजन कम करने की बात आती है, तो सिर्फ डाइट पर ही ध्यान दिया जाता है, लेकिन वेट लॉस के लिए और भी कई चीजें जरूरी है।

सही खान-पान के बाद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रहे हैं, जो वेट लॉस के लिए जरूरी हैं। इस बारे में डाइटिशियन अंजुम रिफअत जानकारी दे रही हैं। अंजुम सर्टिफाइड डाइटिशियन, योगा और हार्मोन हेल्थ कोच हैं।



### स्ट्रेस हार्मोन पर दें ध्यान

आपके वेट गेन और खासकर बेली फैट की वजह स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का लेवल भी हो सकता है। शरीर में कोर्टिसोल का लेवल बढ़ने का असर सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक सेहत पर भी होता है। अगर आप तनाव में हैं, तो सही डाइट के बाद भी वजन कम करने में मुश्किल आ सकती है। इसलिए, वजन कम करने के लिए स्ट्रेस को मैनेज करने पर ध्यान दें।






### स्लीप साइकिल करें सही

स्लीप साइकिल का सही होना भी वेट लॉस के लिए जरूरी है। नींद पूरी न होने पर आपके एनर्जी लेवल और डाइजेशन पर असर हो सकता है। हेल्दी रहने और वजन कम करने के लिए 7-8 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप देर रात तक जागते हैं, सही समय पर नहीं सोते हैं या फिर सोने-जागने के टाइमिंग सही नहीं हैं, तो इस आदत को बदलें।

### खाने की टाइमिंग पर दें ध्यान



वेट लॉस के लिए डाइट का सही होना जरूरी है लेकिन साथ ही मील टाइमिंग भी सही होना चाहिए। अगर आप ब्रेकफास्ट स्किप कर रहे हैं, डिनर हैवी ले रहे हैं, तो इससे वेट लॉस नहीं होगा। वेट लॉस के लिए हेल्दी चीजों को सही समय पर खाएं। ब्रेकफास्ट स्किप न करें। डिनर 7-8 बजे तक कर लें और कोशिश करें कि डिनर और अगले दिन ब्रेकफास्ट के बीच में कुछ न खाएं।




## वर्क फ्रॉम होम में बॉस को ऐसे कर सकते हैं इम्प्रेस

अगर आपका हाइब्रिड या वर्क फ्रॉम होम चल रहा है और आप घर से काम करते हुए बॉस को इंप्रेस करना चाहते हैं। हम आपके लिए टिप्स लेकर आए हैं।

महामारी के बाद हाइब्रिड और वर्क फ्रॉम होम का चलन काफी बढ़ गया है। जहां वर्क फ्रॉम होम आपके ट्रैवेल टाइम को बचाता है और आपको दूसरी चीजों को करने के लिए ज्यादा समय उपलब्ध कराता है। वहीं, कई बार मन में सवाल आता है कि घर से काम करने पर क्या मुझे अच्छा प्रमोशन और इंक्रीमेंट मिल पाएगा? दरअसल हमें लगता है कि जब हम ऑफिस में बॉस के सामने काम करते हैं, तो वह देख पाते हैं कि हम अपना काम कितनी लगन और मेहनत के साथ कर रहे हैं। वहीं, वर्चुअल ऑफिस से बॉस को इंप्रेस कर पाना नामुमकिन लगता है। इस आर्टिकल में आज हम आपको घर से काम करने के बावजूद भी कौन-से टिप्स को अपनाकर बॉस को इंप्रेस किया जा सकता है, इसके बारे में बताने जा रहे हैं।

### नियमित बॉस के कॉन्टैक्ट में रहें




घर से काम करने पर आप स्ट्रेस, लंबा ट्रैवेल और भी बहुत कुछ कम सकते हैं। हालांकि आपको एक चीज नहीं छोड़नी चाहिए और वह है कि अपने बॉस से नियमित रूप से संपर्क में रहना। आप रोजाना अपने बॉस से ईमेल, कॉल या चैट के जरिए जुड़े रह सकते हैं। अपने बॉस से बात करने के लिए आप वीकली वन ऑन वन कम्युनिकेशन कर सकते हैं, जिसमें आप अपने काम के बारे में उन्हें जानकारी दे सकते हैं।

### टीम से जुड़े रहें

वर्क फ्रॉम होम में आपको बॉस के साथ कॉन्टैक्ट में रहना जरूरी है, लेकिन आपको अपने कॉलीग्स के साथ भी संपर्क बनाकर रखना जरूरी है। आपको सभी सहकर्मियों के काम के बारे में पता होना जरूरी है, क्योंकि ऐसा करने से आप अपने बॉस को यह मैसेज देते हैं कि आप टीम का हिस्सा हैं और टीम की सक्सेस में आपका योगदान है। घर से काम करते हुए भी आप अपने कॉलीग्स की मदद कर रहे हैं।

### प्रोफेशनल के साथ पर्सनल कनेक्शन बनाएं



यदि आपका ऑफिस हाइब्रिड या वर्क फ्रॉम होम है, तो आप अपने बॉस और सहकर्मियों को ज्यादा जानने के लिए उनके साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं। जब आप काम के अलावा उनसे व्यक्तिगत मिलते हैं, तो इमोशनल और पर्सनल कनेक्शन दोनों अच्छा बन जाता है। ऐसा करने से आपके बॉस को आपकी याद हमेशा रहेगी।

### सभी काम टाइम से पूरे करें

घर से काम करते हुए बॉस को इंप्रेस करने का सबसे बेस्ट तरीका है कि आप उनके कहे बिना अपना काम पूरा कर लें। आप दिए गए सभी बड़े और छोटे कामों को समय के साथ खत्म करके बॉस को सबमिट कर दें। यह तरीका बॉस का आप पर भरोसा करना सिखाता है और बेस्ट डिलीवर रिजल्ट देने की आपकी क्षमता को दिखाता है।

### एक्टिव रहें

वर्कफ्रॉम होम होने पर भी आपको प्रॉब्लम्स को पहचानने और सॉल्यूशन ढूंढने के मामले में एक्टिव रहने की आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 जनवरी से 13 जनवरी तक जारी है।

- सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता गुवाहाटी में जारी



जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 12 सदस्यीय (10 महिला खिलाड़ी, 01 प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक) बीच महिला हैंडबाल टीम भाग ले रही है। ग्रुप-सी पुल के अंतिम लीग मैच में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्तर प्रदेश के विरुद्ध 3-1 से विजय हासिल की। जिसमें मैच के प्रथम सेट में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीम 15-15 गोलों से बराबर पर रही। मैच के द्वितीय सेट में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीम 21-21 गोलों से बराबर पर रही। गोल्डन पेनल्टी में दोनो ही टीमें 5-5 गोलों से बराबर रही। सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों द्वारा पेनाल्टी स्टोक में दोनों ही टीमें 3-3 गोलों से बराबर पर रही। दोनों ही टीमें बराबरी पर होने के कारण पुनः गोल्डन पेनल्टी स्टोक रखा गया जिसमें एक्स्ट्रा खिलाड़ियों द्वारा पेनल्टी लिया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने 3 गोल एवं उत्तर प्रदेश ने 1 गोल किये इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य की महिला टीम 3-1 से जीतकर अपने पुल में प्रथम स्थान पर रहते हुये क्वार्टर फाइनल पहुंची है।

क्वार्टर फाइनल में रविवार को छत्तीसगढ़ का मुकाबला जम्मू एवं कश्मीर के साथ हुआ। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबाल ने अपने पुल-सी के पहले लीग मैच में बिहार को 40-14 गोलो से दूसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने तेलंगाना को 15-03 गोलों से पराजित किया। तीसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने मणिपुर को प्रथम से में 22-12 गोल एवं द्वितीय सेट में 23-10 गोलों से पराजित किया।

### छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल हैं धुरंधर खिलाड़ी

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की टीम में भाविका रामटेके (दुर्ग जिला), कंचन महानंद (दुर्ग जिला), प्रिया (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), काजल (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर),मीनू (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), निक्की (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), गौरव (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), काजल (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), प्रीति साहू (रायपुर जिला), प्रिया तिवारी (दुर्ग जिला), प्रशिक्षक अमिता मोहापात्रा (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), शबनम फिरोज अंसारी (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर) है। छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबॉल टीम की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ हैंडबॉल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन एवं विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारियों ने टीम को अपनी शुभकामनाये प्रदान की।

## पैरानेशनल तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ ने जीते 4 मेडल

**रायपुर।** छठवीं पैरा नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता जयपुर में जारी है। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तोमन कुमार कुमार को दो मेडल प्राप्त हुए। जिसमें पहला सिल्वर रैंकिंग राउंड में और दूसरा ब्रांज मेडल ओलंपिक राउंड में मिला है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने बताया कि इस प्रतियोगिता में टोमन कुमार और अमित कुमार को कंपाउंड मिक्स टीम में ब्रांज और इंडियन वर्ग में मिक्स टीम हरिओम और श्याम कुमारी को पदक मिला है। मुरारका ने बताया कि टोमन कुमार ने दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी मेडल प्राप्त किया था, और इस मेडल के आधार पर से उत्तराखंड नेशनल गेम में भी चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि तोमन कुमार पैरा का तीरंदाज है ,और उसने सामान्य वर्ग में खेलते हुए भी मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैलाश मुरारका, दीपेश अरोड़ा, भारत मटियारा और डॉक्टर विकास अग्रवाल ने सभी पैरा तीरंदाजो को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि छत्तीसगढ़ के सभी तीरंदाज 38 नेशनल गेम उत्तराखंड में भी छत्तीसगढ़ की पताका फहराएंगे।




कार्नर न्यूज

### योग से मिलेगी सर्दियों से राहत, जरूर अपनाएं

# सर्दियों में शरीर को गर्म रखने करें योगासन नियमित अभ्यास के चलते ठंड हो जाएगी दूर

सर्दियों में खुद को गर्म रखने के लिए लोग रजाई में बैठे रहते हैं, बहुत सारे ऊनी कपड़े, अंगीठी या हीटर का उपयोग करते हैं। हालांकि बहुत अधिक ठंड बढ़ने के कारण यह सारे उपाय शरीर को अंदर से गर्माहट नहीं दे पाते सर्दी के कारण शरीर ठंडा रहता है और ठिठुरन महसूस करता है। अगर शरीर को गर्माहट न मिले तो सर्दी-जुकाम या बुखार होने की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में शरीर को गर्माहट पहुंचाने के लिए योगासन फायदेमंद है। कुछ योगासन शरीर को अंदरूनी तौर पर गर्म रखने में मदद करते हैं, साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव करते हैं। यहां सर्दी में शरीर गर्म रखने के योगासन दिए जा रहे हैं।



**उष्ट्रासन:** मैट पर पीठ के बल लेटकर हाथों को बगल में रखें। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को घुटनों से मोड़कर हिप्स के पास ले आएं। हिप्स को जितना हो सके फर्श से ऊपर की तरफ उठाएं। कुछ देर के लिए इस स्थिति में सांस को रोककर रखें और फिर सांस छोड़ते हुए वापस पूर्ववत अवस्था में आ जाएं।

**सर्वांगासन_** सर्वांगासन करते समय पीठ के बल लेट जाएं। दोनों पैर आपस में जोड़ते हुए बांहों और हथेलियों को जमीन की दिशा में रखें। हथेलियों से जमीन को दबाते हुए दोनों पैरों को छत की दिशा में सीधी उठाएं। हिप्स और कमर को जमीन से ऊपर उठाते हुए कोहनी को मोड़कर कमर पर रखें। अपने हाथों से सहारा देकर शरीर को 90 अंश के कोण में रखें। कुछ सेकेंड इसी अवस्था में रह

**सेतुबंधासन_** सेतुबंधासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं। अब पैरों को कंधे की चौड़ाई से अलग करते हुए घुटनों को मोड़ लें। हथेलियों को खोले और हाथ बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा लें। सांस लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं और कंधे व सिर को सपाट जमीन पर टिका कर रखें। बाद में सांस छोड़ते हुए पुरानी स्थिति में आ जाएं।

**नौकासन_** इस योग के अभ्यास के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटें और हाथों को शरीर के बगल में रखें। गहरी सांस लें और अपनी छाती और पैरों को ऊपर उठाएं। बाहों को अपने पैरों की ओर फैलाएं। आपकी आंखें, उंगलियां और पैर की उंगलियां एक सीध में होनी चाहिए। पेट की मांसपेशियों पर दबाव बनाने के लिए अपने नाभि क्षेत्र में तनाव महसूस करें। कुछ समय तक इस स्थिति में बने रहें और फिर पूर्ववत आ जाएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमेरिकी रेसलर की कहानी 'अनस्टॉपेबल' को प्रेरक बताया

हॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं जो असल कहानियों से इंस्पायर रही हैं। जल्द ही ऐसी ही एक कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी। यह कहानी एक



अमेरिकी रेसलर एंथनी रॉबल्स की है। वह एक पैर के साथ पैदा हुए, लेकिन आगे चलकर उन्होंने अपनी अलग पहचान रेसलिंग की फील्ड में बनाई, वह नेशनल लेवल के चैंपियन बने। एंथनी की ही कहानी को फिल्म 'अनस्टॉपेबल' में दिखाया गया है। फिल्म 'अनस्टॉपेबल' में जेनिफर लोपेज, रेसलर एंथनी रॉबल्स की मां जूडी के रोल में हैं। पीटीआई को दिए इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस-सिंगर जेनिफर अपने किरदार और फिल्म के बारे में कहती हैं, 'जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो लगा कि यह एक इंस्पिरेशन स्टोरी है। हमारे पास लैटिनो फैमिलीज की ऐसी कहानी कम ही हैं। इस फिल्म में स्ट्रगल है, लेकिन आखिर में एक शानदार जीत होती है, जो दर्शकों के मन को छू जाएगी। फिल्म में जूडी का किरदार ही है, जो एंथनी की स्ट्रेंथ है। यह एक मजबूत किरदार है।' रेसलर एंथनी की मां जूडी को यकीन नहीं हो रहा है कि उनके किरदार को पर्दे पर जेनिफर लोपेज निभा रही हैं। दोनों के बीच फिल्म की शूटिंग के दोनों काफी अच्छी बॉन्डिंग हो गई। जूडी रॉबल्स कहती हैं, ' जेनिफर लोपेज के पास एक एक प्यारा मन है, वह एक शानदार इंसान हैं, यह सब कुछ कई लोग देख नहीं पाते हैं।'


फिल्म 'अनस्टॉपेबल' को विलियम गोल्डनबर्ग निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म रेसलर एंथनी रॉबल्स और ऑस्टिन मर्फी की किताब पर बेस्ड है।

बॉबी कैनवेल, माइकल पेना और डॉन चीडल भी फिल्म के कलाकारों में शामिल हैं। एंथनी रॉबल्स खुद भी फिल्म में नजर आ रहे हैं। वह फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में एंथनी रॉबल्स का किरदार झारेल जेरोम निभा रहे हैं।

### टॉलीवुड

## राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' में जोड़ा गया ये गाना, जानें रिलीज से पहले क्यों हटाया था ?

रिलीज से पहले राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए हटा लिया गया था। 'गेम चेंजर' के आधिकारिक ट्विटर



अकाउंट पर 'जाना हैरान सा' के हटाए जाने की जानकारी साझा की गई थी। फिल्म से सॉन्ग हटाए जाने के बाद फैंस में काफी निराशा थी, लेकिन अब इसे चुपचाप दूसरे दिन जोड़ दिया गया। 123 तेलुगु के मुताबिक, 'गेम चेंजर' से हटाया गया गाना 'जाना हैरान सा' फिल्म के रिलीज के दूसरे दिन चुपचाप जोड़ दिया गया है। निर्माताओं ने घोषणा की है कि 'नाना हयाना' या 'जाना हैरान सा' गाना आधिकारिक तौर पर 14 जनवरी, 2025 से फिल्म में जोड़ा जाएगा।

फिल्म के रिलीज से पहले आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर बताया गया कि गाने को 'तकनीकी चुनौतियों के कारण संपादित करना पड़ा।' पोस्ट में लिखा, सभी का पसंदीदा, गेम चेंजर, 'जाना हैरान सा' को शुरुआती प्रिंट में तकनीकी चुनौतियों के कारण संपादित किया गया है। हालांकि, प्रशंसक निराश हो सकते हैं, लेकिन यह पोस्ट आश्वासन देता है कि 'जाना हैरान सा' गीत जल्द ही फिर से शामिल किया जाएगा, जिससे दर्शकों को बड़े पर्दे पर दोबारा आने पर कुछ देखने को मिलेगा।"राम चरण के फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो एक बड़े बजट में बनी यह फिल्म कुछ खास कमाल करती नजर नहीं आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 450 करोड़ रुपये के आस-पास का है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 51.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे दिन 60 फीसदी की गिरावट के साथ फिल्म की कमाई 21.5 करोड़ रुपये पर ही सिमट गई। 'गेम चेंजर' में राम चरण और कियारा आडवाणी के अलावा दक्षिण भारत के कई दिग्गज कलाकार शामिल है। जिसमें, जे एस सूर्या, प्रकाश राज, सुनील, मेका श्रीकांत, जयराम और अंजलि ने अहम भूमिका अदा की है।

### भोजपुरी

## अक्षरा की फिल्म 'अक्षरा' हुई रिलीज, प्रभावी भूमिका निभाई है नायिका ने

भोजपुरी फिल्मों की क्वीन अक्षरा सिंह की मच अवेटेड फिल्म 'अक्षरा' रिलीज हो गई है। इसे आप घर बैठे आराम से मुफ्त में देख



सकते हैं। यहां बता रहे हैं कि इसे किस यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, कहानी और अक्षरा सिंह का रोल क्या है। अक्षरा ने फिल्म में एक टीचर का रोल प्ले किया, जो बच्चों को पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम करती है, तो साथ ही गुंडों को लेडी सिंघम बनकर पीटती भी है। इस फिल्म का ट्रेलर साल 2023 में रिलीज किया गया था, और तभी से फैंस के बीच इसे लेकर उत्साह था। 'अक्षरा' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसे 11 जनवरी को रिलीज किया गया। फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमान मिश्रा, विनोद मिश्रा, अनूप अरोड़ा, धानी गुप्ता, बीना पांडे, प्रतिभा साहू, विद्या सिंह, संजीव मिश्रा और अखिलेश शुक्ला समेत कई और भोजपुरी कलाकार हैं।

## नैना की नजर

नैना एक पेशेवर फ़ोटोग्राफ़र हैं, जो लग्जरी, फ़ैशन और लाइफ़स्टाइल में माहिर हैं। वह एक ब्रांड कंसल्टेंट और एक कलाकार भी हैं। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए ब्रांडिंग और ग्राफ़िक डिज़ाइन के काम में लग गईं, और फिर एक फ़ोटोग्राफ़र के रूप में पूर्णकालिक एकल-उद्यमिता में शामिल हो गईं। 2019 में उन्होंने अपना आर्ट लेबल भी लॉन्च किया। उनकी फैशन फोटोग्राफी का दुनिया लोहा मानती है।




## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें इसे बनाने का तरीका

घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं।

ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें।

इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।



## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन स्टाइलिंग टिप्स को करें ट्राई




साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी

आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टाइल में बंध जाएगी। इसके बाद आपको इसमें बेल्ट लगानी हैं और इसे पिन करके अच्छी सी ज्वेलरी के साथ वियर करनी है। इससे आप और भी सुंदर लगेगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है। इस तरीके से आपकी साड़ी काफी अच्छी लगेगी। इस तरीके से साड़ी बांधकर आप पार्टी या फिर किसी फंक्शन को भी अटेंड कर सकती हैं।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है।

## पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध, जानें इस्तेमाल का तरीका

पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है।

इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है।

पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें।



इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। आप चाहे तो हल्के हाथों के दबाव से पैरों पर मसाज कर सकती हैं।

पानी और कॉटन की मदद से पैरों पर लगे शहद और दूध को साफ कर लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 4 बार कर सकती हैं। पहली ही बार में इस घरेलू नुस्खे का असर आपको नजर आने पड़ेगा।

## पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालेंगे दुपट्टे के ये खास डिजाइंस

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको आउटफिट के हिसाब से स्टाइलिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर हो सकती हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए हम आए दिन अपने लुक में कई तरीके के बदलाव करते रहते हैं। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस त्योहार के मौके पर हम अक्सर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहनते हैं।

पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का



इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं। दुपट्टे की लेंथ चुनने के लिए आप अपनी हाइट का खासतौर से ख्याल रखें। पंजाबी स्टाइलिंग में सबसे ज्यादा फुलकारी दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है। वहीं इसे बनाने के लिए मल्टी-शेड्स के धागों का इस्तेमाल किया जाता है।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में 'बन' को तेजी से अपना रहे नौजवान

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो कुछ खास टिप्स आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

*'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।*



'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे



हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है।